
दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 315 जयपुर, मंगलवार, 24 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं



## दशहरा आज

**जयपुर।** दशहरा यानी विजयादशमी का त्योहार मंगलवार को देशभर में मनाया जाएगा। इस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था। नवरात्रि के बाद 10वें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। दशहरा का त्योहार अहंकार, बुराई और अधर्म पर धर्म की जीत का भी प्रतीक है। इस दिन जगह-जगह मेले भरते हैं और रावण के पुतले का दहन किया जाता है। इस दिन शस्त्र की पूजा भी की जाती है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समस्त भारतीयों को दशहरा की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा, "यह त्योहार हमें बुराई के प्रतीक अहंकार और नकारात्मकता से छुटकारा पा सभी के लिए प्रेम व एकता की भावना को अपनाना सिखाता है, जो 'अच्छाई' का प्रतीक है। भगवान राम के मूल्य हमें जीवन की कठिन परीक्षाओं और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।"

## फिरकी के जादूगर बेदी का 77 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी का सोमवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने भारत के लिए 67 टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले। बेदी पिछले दो साल से बीमार थे और करीब एक महीने पहले उनके घुटने सहित कई सर्जरी हुई थीं। बेदी ने पहला टेस्ट मैच 31 दिसंबर 1966 को कोलकाता के ईडन गार्डन में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। फिर, 1979 तक भारत के लिए 67 टेस्ट मैच में 266 विकेट लिए। 10 वनडे मैचों में उनके नाम 10 विकेट थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**बुरे फंसे पाकिस्तान के पूर्व पीएम:** इमरान खान की बढ़ी मुश्किलें... विशेष अदालत का निर्णय

# सिफर मामले में खान के साथ पूर्व विदेश मंत्री भी दोषी करार

■ दोनों ने खुद को बताया निर्दोष, फैसले को हाई कोर्ट में देंगे चुनौती



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा होने के बाद जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और महान क्रिकेटर इमरान खान (71) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

गोपनीय राजनयिक केबल (सिफर) लीक करने और गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने से जुड़े मामले में एक विशेष अदालत ने सोमवार को उन्हें और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को दोषी ठहराया है। बता दें, यह सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है, जो कथित तौर पर इमरान के पास से गायब हो गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का आरोप है कि उस दस्तावेज में अमेरिका की ओर से इमरान को पद से हटाने की धमकी दी गई थी।

### तोशाखाना मामले में मिली थी 3 साल की सजा

पीटीआई प्रमुख को 5 अगस्त को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया और तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने 29 अगस्त को उनकी सजा को सस्पेंड कर दिया था, लेकिन वह जेल में ही रहे, क्योंकि वह सिफर मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। वहीं, 30 सितंबर को फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने विशेष अदालत में एक चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिसमें कुरैशी को सिफर मामले में मुख्य आरोपी बताया गया था।

### पिछले हफ्ते तारीख दी गई थी 23 अक्टूबर

कोर्ट ने फैसला किया था कि दोनों पीटीआई नेताओं को 17 अक्टूबर को मामले में दोषी ठहराया जाएगा। हालांकि, पिछले हफ्ते कोर्ट ने 23 अक्टूबर तक सुनवाई टाल दी थी। स्पेशल कोर्ट के जज अबुअल हसनत जुल्कारनैन ने सोमवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई की। कोर्ट ने औपचारिक रूप से मामले की सुनवाई शुरू की और 27 अक्टूबर को अगली सुनवाई में गवाहों को तलब किया।

### शाह महमूद कुरैशी भी दोषी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी सिफर मामले में दोषी ठहराया गया। दरअसल, इमरान ने संबद्ध दस्तावेज का इस्तेमाल यह बताने के लिए किया था कि उनकी सरकार एक विदेशी साजिश के परिणामस्वरूप गिरा दी गई थी।

### आरोपों से खान ने किया इनकार

मामले की सुनवाई रावलपिंडी की अदियाला जेल में विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने की। रिपोर्ट के अनुसार इमरान और कुरैशी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया है। कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

**सीएम अशोक गहलोत का भाजपा और पीएम मोदी पर हमला**

# ईडी के छापे इसके सबूत कि कांग्रेस जीत रही है चुनाव

■ पीएम मोदी की गारंटी हमारी नकल... हम दे रहे हैं और पूरी कर रहे हैं



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को जोधपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर जमकर सियासी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हम जनता को काम की गारंटी दे रहे हैं। पार्टी ने जो वादे किए, वो निभाए हैं। सरकार आएगी और हम गारंटियां भी पूरी करेंगे। पीएम मोदी भी गारंटी देने की हमारी नकल कर रहे हैं। कर्नाटक में हमारी पार्टी ने गारंटी दी थी, पूरी की। अब एमपी में भी दी जा रही है। इसे देखते हुए पीएम मोदी भी गारंटी पर व्याख्यान दे रहे हैं। वहीं संजीवनी मामले को लेकर एक बार फिर गजेंद्र सिंह आड़े हाथों लेते हुए सीएम गहलोत ने कहा कि वे डरपोक मंत्री हैं। अगर उन पर आरोप गलत हैं और उन्होंने गलती नहीं की है तो फिर हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत क्यों करवाई। अब कोर्ट इसलिए गए हैं कि एसओजी चालान पेश नहीं करे। गजेंद्र सिंह के पास बहुत बड़ा पोर्टफोलियो है, लेकिन राजस्थान को कोई लाभ नहीं मिला। ईआरसीपी को मंजूरी नहीं दिला पाए।

गहलोत ने कहा मेरे कारण कई बड़े भाजपा नेताओं को नुकसान हुआ है। मेरे कारण वसुंधरा राजे और कैलाश मेघवाल के साथ सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास को तकलीफ हुई। सूरसागर से सूर्यकांता व्यास का टिकट कटने पर बोले- अब जीजी को भी सजा मिल गई। उनका क्या कसूर था? मेरे बारे में दो बार कमेंट कर दिया, आशीर्वाद दे दिया और इसके लिए सजा दी गई।

### जोधपुर वाले गवाह, मैंने बचपन से फकीरी देखी

गहलोत ने कहा कि जोधपुर के लोग मेरे बचपन से ही मेरी फकीरी को देख चुके हैं। 40 साल से सर्किट हाउस में रुक रहा हूं। जो फ्लैट एमपी और एमएलए सभी के पास होते हैं, वो मेरे पास भी है, जो रहने लायक नहीं है। मोदी ने कहा था कि मैं अशोक गहलोत से ज्यादा ईमानदार हूं। तब मुझे कहना पड़ा, मैं आपसे ज्यादा फकीर हूं। वे पीएम हैं और मैं एक राज्य का सीएम हूं।

### भाजपा जनता का विश्वास जीतने में असमर्थ

गहलोत ने जोधपुर पहुंचते ही ईडी और भाजपा पर जमकर प्रहार किए। राजस्थान में लगातार हो रही ईडी की रेड्स इस बात का सबूत हैं कि कांग्रेस चुनाव जीत रही है। भाजपा जनता का विश्वास जीतने में असमर्थ है और इसीलिए कांग्रेस को परेशान करने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की आंधी गांवों में ज्यादा नजर आ रही है। हमारी स्कीम हर गांव के घर में पहुंची है। शहरों में भाजपा ने हिंदू-मुस्लिम करके माहौल बिगाड़ा। अब शहर की जनता भी सबक सिखा देगी और राज का रिवाज बदलेगी।

### चुनाव के बाद करेंगे एडजस्ट

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने प्रत्याशियों की दो सूचियां जारी कर दीं और कहीं भी कोई फूट नजर नहीं आ रही है। टिकट एक कार्यकर्ता को ही मिल सकता है। गलती हमसे भी हो सकती है। इसकी भरपाई की जाएगी। अब हम कार्यकर्ताओं के कामकाज की ट्रेकिंग करेंगे। तय किया है कि जो भी कार्यकर्ता चुनाव के दौरान पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेगा, उन्हें हम चुनाव से पहले और चुनाव के बाद एडजस्ट करेंगे। इनकी सूची बनाने के लिए पीसीसी को कहा है।

**शेखावत का पलटवार**

## फकीरी का लबादा ओढ़ भ्रष्ट आचरण करते हैं ढोंगी लोग



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आपने देश दुनिया में कभी किसी फकीर को यह कहते हुए नहीं सुना होगा कि मैं सबसे बड़ा फकीर हूं। लेकिन यह ढोंगी लोग, फकीरी का लबादा ओढ़कर भ्रष्ट आचरण और व्यवहार करते हैं। दोहरा जीवन जीते हैं। उन लोगों को अपना स्पष्टीकरण देने के लिए इस तरह के अनर्गल बयान देने पड़ते हैं। शेखावत के इस बयान को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा खुद को पीएम मोदी से बड़ा फकीर बताने के बयान पर पलटवार के रूप में देखा जा रहा है।

शेखावत ने कहा कि कभी भी इसी संत-फकीर को यह कहते हुए नहीं सुना होगा। उन लोगों कि अपनी मजबूरी है, जिन्हें ऐसा बोलना पड़ता है। गजेन्द्र ने कहा कि सीएम गहलोत कहते हैं कि उनके पास एक इंच जमीन नहीं है, लेकिन शायद वह अपने दिल्ली फ्लैट के बारे में बोलना भूल गए। इसके साथ वह यह भी भूल गए कि किस तरह से मॉरीशस के रूट से पैसा रोटेट होकर उनके बेटे के खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि फकीर की बात करने वाले खुद की जमीन खरीदने की अभी बात नहीं करना चाहता।

गहलोत के सामने चुनाव लड़ने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि वे उस परिवार से आते हैं जहां पर व्यक्ति तय नहीं करता कि उसे कहां से चुनाव लड़ना है या किस भूमिका में काम करना है। संगठन जो भी जिम्मेदारी देता है, उसके अनुरूप उन्हें काम करना पड़ता है। सूरसागर विधानसभा से सूर्यकांता व्यास का टिकट कटने को लेकर कहा कि पार्टी में उम्र की एक सीमा है।

**अफगानिस्तान का एक और उलटफेर**

## पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी** | चेन्नई



अफगानिस्तान ने आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट की अपनी दूसरी जीत दर्ज की है। चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच में पाकिस्तान से मिले 283 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही अफगानिस्तान ने 8 विकेट 6 गेंद शेष रहते ही मैच अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान को रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 130 रनों की साझेदारी की। रहमानुल्लाह गुरबाज 65 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मैन ऑफ द मैच इब्राहिम जादरान 87 रन बनाकर हसन अली का शिकार बने। इसके बाद क्रीज पर आए रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी अंत तक नाबाद रहे और दोनों ने आखिर में टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 282 रन बनाए। बाबर आजम ने 74, अब्दुल्ला शफीक नो 58 रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए नूर अहमद ने 10 ओवरों में 49 रन देकर 3 विकेट झटके।

**पैरा एशियन गेम्स में चला अवनि का जादू**



## भारत को शूटिंग में जिताया गोल्ड

***हांगझोउ।*** *चीन के हांगझोउ में पैरा एशियन गेम्स 2023 में भी हिंदुस्तानियों का जलवा देखने को मिल रहा है। हाई जंप में शैलेश कुमार के गोल्ड मेडल जीतने के बाद अब शूटिंग में अवनि लेखरा ने भी स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 में गोल्ड मेडल जीता है। वह 249.6 अंक के साथ टॉप पर रहीं। यह भारत का इस साल के एशियन पैरा गेम्स में चौथा गोल्ड मेडल था। भारतीय पैरा एथलीट्स पिछली बार 2018 में इंडोनेशिया में हुए एशियन पैरा गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ना चाहेंगे। 2018 में भारत ने 72 मेडल जीते थे, जिसमें 15 गोल्ड, 24 सिल्वर और 33 ब्रॉन्ज मेडल थे। इस बार भारत रिकॉर्ड तोड़कर इससे ज्यादा मेडल लाना चाहेगा।*

**बीजेपी का कुनबा बढ़ा**

# सुरेश मिश्रा व पूर्व IAS नेहरा सहित 10 सदस्यों ने थामा भाजपा का दामन

- पूर्व में सुरेश मिश्रा थे सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी, IAS नेहरा ने लिया है VRS
- कांग्रेस से भाजपा में आए कई नेताओं को दिया गया है टिकट
- बीजेपी में शामिल होने वालों में आरएलपी के भी कई नेता

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में मतदान से पहले प्रदेश भाजपा की जोड़ तोड़ की राजनीति जारी है। एक बार फिर भाजपा ने सोमवार को अपना कुनबा बढ़ाते हुए अन्य पार्टियों से जुड़े नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। इसमें लंबे समय से कांग्रेस से सांगानेर से टिकट की मांग कर रहे नेता पं. सुरेश मिश्रा, जयपुर के पूर्व जिला कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा सहित 10 नेताओं के नाम शामिल हैं।

मिश्रा सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। वहीं, कयास था कि पूर्व आईएएस अधिकारी नेहरा भी कांग्रेस से ही चुनावी मैदान में उतरेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वे भाजपा में शामिल हो गए।




### कांग्रेस ने नहीं दिया दल बदलने वाले को टिकट

कांग्रेस में ऐसा अब तक नहीं देखने मिला है कि दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को टिकट दिया गया हो। कांग्रेस ने 76 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं, लेकिन इसमें एक भी नाम ऐसा नहीं है, जो भाजपा या अन्य पार्टी से से दल बदलकर कांग्रेस में आए हो और उन्हें टिकट मिला हो।

### इन नेताओं ने जॉइन की बीजेपी

जयपुर भाजपा मीडिया सेंटर पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी.जोशी ने पूर्व आईएएस अंतर सिंह नेहरा, कांग्रेस नेता पं. सुरेश मिश्रा सहित आरएलपी व कांग्रेस के नेताओं को भाजपा का दुपट्टा ओढ़ा पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर भाजपा में शामिल होने वालों में खींवसर प्रधान व आरएलपी से पंचायत समिति सदस्य सीमा चौधरी, आरएलपी की मूंडवा प्रधान गीता देवी व उनके पति आरएलपी नेता रेवतराम डागा, आरएलपी के पूर्व मुख्य प्रवक्ता महिपाल महला फतेहपुर, सरपंच संघ के अध्यक्ष व बोजास सरपंच जगदीश बीडियासर, मौलासर-नागौर के पूर्व प्रधान व कांग्रेस के जिला परिषद सदस्य झालाराम भाकर, पूर्व प्रधान भगवानाराम बुरडक और हनुमानगढ की महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुमन चावला ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी और कुछ दिन पहले ही भाजपा में कुछ दिन पूर्व ही शामिल हुई पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा भी मौजूद रहीं।

इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राज्य में आमजन का पीएम नरेन्द्र मोदी पर विश्वास बढता जा रहा है। ज्योति मिर्धा, सुभाष महरिया जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल होने के बाद चुनावी मैदान में भी उतारा है।

## जरूरी खबर

### बसपा ने जारी की 4 प्रत्याशियों की सूची

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर भजपा-कांग्रेस के बाद बसपा ने सोमवार को अपने 4 प्रत्याशियों की सूची जारी की। बसपा 200 में से अब तक 27 प्रत्याशी मैदान में उतार चुकी है। पांचवी सूची में सांगानेर से रामलाल चौधरी, रामगढ़ दीवान चंद्र, बांदीकुई भवानी सिंह गुर्जर और कोटपूतली प्रकाशचंद सैनी को टिकट दिया है।

### जेजेपी ने किया छह प्रत्याशियों के नामों का ऐलान

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को जेजेपी पार्टी ने भी 6 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। जिसमें सूरतगढ़ से जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील, फतेहपुर से पूर्व विधायक नंद किशोर, दांतारामगढ़ से जेजेपी महिला प्रदेशाध्यक्ष रीटा सिंह, खंडेला से सरदार सिंह आर्य, कोटपूतली से जेजेपी प्रदेश प्रधान सचिव रामनिवास यादव, भरतपुर से डॉ. मोहन सिंह को मैदान में उतार दिया है। बता दें कि हाल ही में पार्टी की ओर से प्रदेश की चुनिंदा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही गई थी।

### बालकनाथ को चुनाव आयोग ने दिया नोटिस



**जयपुर।** विधानसभा चुनावों के बीच तिजारा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सांसद बाबा बालकनाथ विवादित बयान देकर चर्चा में आ गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बालकनाथ ने कहा कि इस बार ऐसा मतदान होगा की गांव में वोट तो 1440 होंगे और पड़ेंगे 1450 वोट। उन्होंने कहा कि जितने वोट हों उससे ज्यादा वोटिंग करनी है। निर्वाचन आयोग वाले सोचेंगे कि इतने वोट कहां से पड़ गए। सांसद ने कहा- उधर वाले 100 में से 80 वोट डालते हैं तो हम इस बार 100 में से 110 वोट डालेंगे। इस भावना के साथ इस बार हमें काम करना है। जानकारी के अनुसार वीडियो रविवार को गोठड़ा की श्रीमेठी धर्मशाला में सभा को संबोधित करने का हैं। वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव अधिकारी अनूप सिंह ने बाबा बालकनाथ को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। बाबा बालकनाथ ने अपने इस बयान पर सफाई भी दी है।

**पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा-आज का दिन बहुत खास,** विद्याधर नगर स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम

# शेखावत की जन्म शताब्दी, धनखड़ व मिश्र ने दी श्रद्धांजलि

■ उपराष्ट्रपति व राज्यपाल कलराज मिश्र ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व उप राष्ट्रपति और राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे भैरोंसिंह शेखावत की जयपुर में जन्म शताब्दी मनाई गई। शेखावत की जन्म जयंती के मौके पर सोमवार को भैरोंसिंह शेखावत स्मृति संस्थान और उनके परिजनों की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्याधर नगर स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल कलराज मिश्र ने पहुंचकर भैरोंसिंह शेखावत समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मिश्र ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर भैरोंसिंह शेखावत के परिजनों से मुलाकात की। गौरतलब है कि रविवार को शेखावत की पुत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर शेखावत की जन्म शताब्दी पर शामिल होने का आह्वान किया था।



### कार्यक्रम में यह नेता भी रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, दीया कुमारी, मोहनलाल गुप्ता, हाथौज धाम के बालमुकुंदाचार्य, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में पहुंचे और बाबोसा को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शेखावत के जीवन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने बाबोसा के समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। वसुंधरा राजे नवरात्रि पूजन के सिलसिले में दतिया गई हुई है। इसलिए उनकी तरफ से अशोक परनामी ने पुष्पचक्र अर्पित किया।

### पीएम ने यादें साझा की

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- आज बहुत खास दिन है। आदरणीय राजनेता भैरोंसिंह शेखावत की 100वीं जयंती है। भारत उनके अनुकरणीय नेतृत्व और हमारे राष्ट्र की प्रकृति के प्रयासों के लिए हमेशा उनका आभारी रहेगा। ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें पूरे राजनीतिक क्षेत्र में और जीवन के सभी क्षेत्रों में लोगों द्वारा पसंद किया जाता था। राष्ट्र प्रगति के प्रयासों के लिए हमेशा उनका आभारी रहेगा।

### राज्यपाल की शुभकामनाएं

राज्यपाल कलराज मिश्र ने विजयादशमी के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा है कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्योंहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

**दौसा में पुजारी की हत्या पर गरमाई सियासत,** भाजपा का प्रहार

# तुष्टीकरण की नीति अपनाकर समाज को बांटने में जुटी कांग्रेस

**बेधड़क** | जयपुर

दौसा में एक बार फिर पुजारी की हत्या ने चुनावी समय में सियासी पारा हाई कर दिया है। मतदान की तारीख के ऐलान से पहले ही कांग्रेस पर लगातार हमलावर बनी भाजपा ने एक बार फिर गहलोत सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए जुबानी हमला बोला है। एक के बाद एक महंत और पुजारियों पर हो रहे हमले को लेकर भाजपा ने निशाना साधा है।

भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण के आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों की वजह से प्रदेश में पुजारी और महंत सुरक्षित नहीं हैं। हर महीने एक पुजारी या महंत की हत्या हो रही है। बदमाशों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि बड़े दुखी और द्रवित मन से कहना पड़ रहा है कि बीते पांच साल में गहलोत सरकार की तुष्टीकरण की नीती के चलते एक दर्जन से अधिक पुजारियों और संतो की हत्या हो चुकी है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार ने इन संतो और पुजारियों को कोई मुआवजा और आर्थिक सहायता देने का काम नहीं किया। जयपुर में रोडरेज की घटना में एक युवक की मौत के महज एक घंटे में सरकार ने 50 लाख के मुआवजे की घोषणा कर दी। इस सरकार का एजेंडा केवल अपने वोट बैंक को साधने का है और समाज को बांटकर एक समुदाय विषेष को खुश करने का है। शेखावत ने कहा कि दौसा के कालाखों में एक पुजारी की घर के बाहर पीट-पीटकर हत्या की जाती है, और मृतक पुजारी को इतनी निर्दयता से पीटा गया कि उनकी आंखे निकलकर सड़क पर गिर गई।

इस घटना से लाखों प्रदेशवासी आहत हैं। शेखावत ने कहा कि इन पांच सालों में हिंदु त्यौहारों पर प्रतिबंध लगाना जिसमें रामनवमी के जूलूस पर रोक लगाना, हिंदु नववर्ष के अवसर पर निकलने वाली रैली पर पथराव की घटनाएं शामिल हैं।

### संतों की हत्या पर कोई मुआवजा नहीं: शेखावत



### 1532 भ्रष्ट नौकरशाहों को मिली जमानत: चतुर्वेदी

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान संस्थागत भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप में रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए 600 से अधिक कार्मिकों पर अभियोजन की स्वीकृति ही नहीं दी। वर्ष 2019 से लेकर मार्च 2023 तक एसीबी ने राज्य सरकार के पास 2475 प्रकरण अभियोजन स्वीकृति के लिए भेजे थे, जिसमें से सरकार ने सिर्फ 1647 प्रकरणों में ही स्वीकृति दी है। कार्मिक विभाग के पास मौजूदा समय में 5 आरएएस समेत बड़े अधिकारियों के 34 मामलों को मिलाकर करीबन 636 मामले अभियोजन की स्वीकृति के लिए लंबित है। एसीबी ने राज्य में पिछले चार वर्षों में 1534 लोक सेवकों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था, इन मामले में कडी कार्रवाई की जानी थी लेकिन कमजोर जांच के कारण 1532 आरोपियों को जमानत मिली चुकी है।

### बदमाशों को गहलोत सरकार से मिल रहा संरक्षण: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि दौसा के अंदर एक बार फिर एक निर्दोष पुजारी की हत्या हुई, लेकिन सरकार की तुष्टीकरण की नीतियों के कारण इन बदमाशों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी वजह से इन हत्याओं को अंजाम दिया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि सरकार की सरपरस्ती में इस प्रकार की घटना घटित हो रही हैं। जो इस कांग्रेस के माथे परकलंक हैं। राजस्थान में हर महीने कहीं न कहीं मंदिर की पूजा करने वाले पुजारी या महंत इन बदमाशों के निशाने पर है।

**मतदाता जागरूकता अभियान**

# नए मतदाताओं ने वीआर के जरिए जानी मतदान प्रक्रिया

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय जयपुर द्वारा जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में सघन मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदान की अपील की जा रही है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जयपुर के एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज, कनोड़िया गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं झोटवाड़ा रोड़ स्थित एक निजी मॉल में वीआर के जरिये नवमतदाताओं को रोचक तरीके से मतदान प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया।

जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में मैं भारत हूं गीत एवं 25 नवंबर का पहला काम, चलो बूथ करो मतदान जैसे स्लोगन से युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

### 'सहज भीलवाड़ा' एप लॉन्च

आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आमजन को हर सुविधा दी जा रही है। सोमवार को राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता द्वारा भीलवाड़ा जिला निर्वाचन अधिकारी के नवाचार के रूप में विकसित की गई सहज भीलवाड़ा एप को वर्चुअली लॉन्च किया गया। इस एप के माध्यम से 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ मतदान प्रक्रिया के पर्यवेक्षण को सुगम बनाया जाएगा। यह एप्लीकेशन रिटर्निंग अधिकारी को बेहतर कार्ययोजना बनाने में मदद करेगा एवं इससे मतदान दलों का शेड्यूल और तैनाती भी आसान हो जाएगी। लॉगिन के स्तर पर मतदान दल कर्मी संबंधित अनुपस्थित मतदाता के घर तक पहुंचने के लिए एप में दिए गए जीपीएस लोकेशन सुविधा का उपयोग कर मतदाता के घर पहुंच सकते हैं।

**1565 शिकायतों का** सौ मिनट के भीतर हुआ निस्तारण

# आचार संहिता उल्लंघन के 278 मामलों में दर्ज की एफआईआर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर सी-विजिल एप के माध्यम से रिपोर्ट किए गए आचार संहिता उल्लंघन के 278 मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सोमवार को बताया कि 9 अक्टूबर को आचार संहिता लागू होने के बाद सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों में 1868 शिकायतें सही पाई गईं। इनमें से 1565 शिकायतों को निर्धारित सौ मिनट के समय में कार्रवाई कर निस्तारित किया गया। उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्क्वॉयड टीमें औसतन 29 मिनट 19 सेकंड में शिकायत स्थल पर पहुंच कर कार्रवाई कर रही हैं। गुप्ता ने बताया कि सी-विजिल एप पर मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत 90 शिकायतें सही दर्ज हुई हैं और निवाई विधानसभा क्षेत्र में 80 शिकायतें सी-विजिल एप पर दर्ज हुई थी, जिनमें 95 प्रतिशत शिकायतें सही पाई गईं और इन पर कार्रवाई की गई। जयपुर निर्वाचन जिले में 330 शिकायतें और टोंक में 174 शिकायतें सही पाई गई है।




**सांगानेर विधायक का टिकट काटने को लेकर** भाजपा पर बोला हमला

# लाहोटी की उपेक्षा से वैश्य समाज नाराज

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की ओर से जारी की गई सूची में सांगानेर से अशोक लाहोटी का टिकट काटे जाने पर वैश्य समाज ने रोष जताया। समाज के प्रमुख नेताओं ने भाजपा से सांगानेर के टिकट पर पुनर्विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि अब तक जयपुर में भाजपा की ओर से वेश्य समाज को तीन टिकट दिए जाने की परम्परा रही है।

अब यदि परम्परा को तोड़ा गया तो समाज को भाजपा के खिलाफ कडे निर्णय लेने होंगे। जैन समाज से कमल बाबू जैन, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के जे. डी. माहेश्वरी, महिला इकाई की प्रदेश सचिव चारु गुप्ता, विजय वर्गीय समाज के अध्यक्ष विष्णु विजय विजयवर्गीय, मनीष गुप्ता अध्यक्ष, माथुर वैश्य समाज, एस.पी. रस्तोगी, विष्णु जयसवाल, सत्यनारायण काबरा, सुरेश कालानी, दिनेश पोरवाल, प्रदेश प्रभारी ध्रुव दास अग्रवाल, सेक्रेटरी अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन से गोपाल गुप्ता, जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, अध्यक्ष अग्रवाल समाज चंदू भाड़े वाला, दिनेश सेठी अध्यक्ष खंडेलवाल समाज जयपुर, मीडिया प्रभारी किशन राठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष खंडेलवाल तथा केदार भाला माहेश्वरी समाज अध्यक्ष रमेश तूंगा समाज ने अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अशोक लाहोटी ने करीबन 36000 मतों से जीत दर्ज की। उन्होंने हिंदुत्व व अन्य मुद्दों पर बुलंद आवाज उठाई, लेकिन भाजपा ने अशोक लाहोटी का टिकट काटकर एक बाहरी उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी इस पर विचार करे।




**विधानसभा आम चुनाव 2023**

# आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर नकेल, 3067 वाहन जब्त

■ प्रदेश में 935 पॉइंट पर चार घंटे तक पुलिस ने चलाया अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो चुका है। प्रदेश में सभी जिलों से पुलिस नाकाबंदी कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा के निर्देश पर प्रदेश के 935 पॉइंट पर 4 घंटे पुलिस ने सख्त चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में कुल 1 लाख 4 हजार 891 दुपहिया व चौपहिया वाहनों की जांच कर 3067 वाहन एमवी एक्ट में व संदिग्ध लगने पर 102 सीआरपीसी में 19 वाहन जब्त कर 44 प्रकरण दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर कुल 532 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।



### पुलिस ने ए श्रेणी की नाकाबंदी की

महानिदेशक पुलिस कानून एवं व्यवस्था राजीव शर्मा ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे से लेकर रात 9 बजे तक नोडल अधिकारी आईजी कानून एवं व्यवस्था गौरव श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में त्योहारों के समय आम जन की सुरक्षा एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्ती करने के उद्देश्य से ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई गई थी। डीजी कानून व्यवस्था शर्मा ने बताया कि पूरे राज्य में कुल 935 स्थानों पर एक साथ नाकाबंदी की गई। इसमें बड़ी संख्या में संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इस दौरान 3000 से अधिक वाहन जब्त हुए और 410 व्यक्तियों को शांति भंग करने से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया। फ्रेश एफआईआर में 132 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। शर्मा ने बताया कि इस नाकाबंदी में अपराधियों के विरुद्ध 34 प्रकरण अवैध हथियारों के, 83 प्रकरण अवैध शराब के एवं 14 प्रकरण अवैध मादक पदार्थों के भी दर्ज हुए। साथ ही 47 एफआईआर अलग से दर्ज कर उनमें अन्य प्रकार की अवैध सामग्री जब्त की गई।



### 14.28 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की

राजस्थान पुलिस का सोमवार को भी प्रदेश भर में सर्च अभियान जारी रहा। प्रदेश में पुलिस के नोडल अधिकारी आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में सर्च अभियान चल रहा है। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार पुलिस ने रविवार शाम 5 बजे से लेकर सोमवार शाम 5 बजे तक 14.28 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त की। वहीं उड़न दस्ता टीम ने भी करीब डेढ़ करोड़ की जब्ती की। भीलवाड़ा, बूंदी व चित्तौड़गढ़ जिलों में कुल जब्ती 125 करोड़ की हुई।

**दशहरा: विद्याधर नगर में होगा 121 फीट के दशानन**

# असत्य पर सत्य की जीत का पर्व आज

बेधड़क । जयपुर

देश में मंगलवार को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयदशमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्याधर नगर में 121 फीट का रावण, 111 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और 105 फीट ऊंचे मेघनाद का दहन किया जाएगा। दहन के दौरान रावण की आंखों से शोले, मुंह से आग के गोले, रावण की नाभि और सिर पर अग्नि चक्र और तलवार से चिंगारियां छूटती दिखाई देंगी।इसके अलावा शहर में कई प्रमुख क्षेत्र में शहरवासी बुराई पर अच्छाई का संदेश देने वाले रावण दहन के कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। विजयदशमी पर शहर में जगह-जगह रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन के कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होंगे, जो देर रात तक चलेंगे।



### आदर्श नगर में 105 फीट का रावण

शहर में सबसे पहले आदर्श नगर दशहरा मैदान में शाम 7:30 बजे 105 फीट के रावण का दहन होगा। इसके बाद प्रताप नगर कुंभा मार्ग स्थित भैरुजी सर्किल मैदान में 9:15 बजे 51 फीट का रावण, शास्त्री नगर स्थित राष्ट्रपति मैदान में रात 9:30 बजे 80 फीट का, मानसरोवर शिप्रा पथ मैदान में 10 बजे 70 फीट का और विद्याधर नगर स्टेडियम में रात 11 बजे 121 फुट के रावण का दहन किया जाएगा। यहां रावण दहन से पहले होने वाली आतिशबाजी इको-फ्रेंडली होगी। राम-रावण युद्ध का मंचन भी किया जाएगा। इस बार रावण दहन को लेकर पटाखा कंपनियों ने भी अलग से तैयारी की।

### आरएसएस का शस्त्र पूजन और पथ संचलन आज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस पर विजयदशमी पर परंपरागत रूप से शहर के कई जगहों पर पथ संचलन व शस्त्र पूजन किया जाएगा। पथ संचलन में शहर की कई इकाइयां मुख्य मार्गो से होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचेगी।

### होगी आतिशबाजी

आदर्श नगर में दशहरा पर्व पर दर्शकों को रावण के पुतले की आंखों में शोले और मुंह से आग के गोले निकलते दिखाई देंगे। रावण दहन से पहले शहर की सड़कों पर भगवान श्री राम की सजीव झांकी निकलेगी और करीब आधे घंटे आतिशबाजी की जाएगी।

## फारूक अब्दुल्ला से विनायक शर्मा की मुलाकात





*नई दिल्ली। जम्मू एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के साथ विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप। दिल्ली में हुई इस मुलाकात में जम्मू एवं कश्मीर के चुनावी हालात और राजस्थान में होने वाले आगामी चुनाव पर भी बातचीत हुई। फारूक अब्दुल्ला ने युवा पीढ़ी के चमकते सितारे विनायक शर्मा को उनके मीडिया इंडस्ट्री में नए और जांबाज कदम के लिए शुभकामनाएं दी।*

**जरूरी खबर**

### दिन के तापमान में गिरावट के साथ ही रात में बढ़ी ठंड




**जयपुर।** प्रदेश में कई जगह पर बारिश होने के बाद सोमवार को तापमान में गिरावट हुई। चूरू, बीकानेर में न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। तापमान गिरने से इन शहरों में हल्की ठंडक बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले कुछ दिन अब प्रदेश में मौसम साफ रहेगा और सुबह-शाम सर्दी बढ़ने लगेगी। इससे पहले रविवार दोपहर बाद चूरू, बीकानेर, फतेहपुर एरिया में हल्की बारिश हुई। सीकर में रात का तापमान गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। चूरू में भी तापमान 4 डिग्री सेल्सियस गिरकर 16.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव खत्म होने से एक बार फिर उत्तर-पश्चिम हवा चलने लगेगी। इससे अगले कुछ दिन में तापमान दूसरे शहरों में भी गिरेगा।

**चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर यह कैसी सख्ती**

# एक्सपर्ट नहीं होने से पुलिस नहीं सुलझा पा रही पोर्नोग्राफी केस

**404 मामलों में से सिर्फ 127 में ही हुई कार्रवाई**

बेधड़क । जयपुर

सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के वीडियो वायरल करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस जांच ही नहीं कर पा रही है। वजह है पुलिस के पास साइबर एक्सपर्ट नहीं है। प्रदेश में पिछले चार साल में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के 404 केस दर्ज हुए हैं। इनमें से पुलिस केवल 127 मामलों में ही कार्रवाई कर पाई है। बाकी मुकदमों में जांच अधिकारी आईपी एट्रेस नहीं मिलने का बहाना बनाकर प्रकरण की जांच ही नहीं कर पा रहे हैं। दरअसल ऐसे मुकदमों की जांच अनुसंधान अधिकारी को जहां से वीडियो जनरेट होकर वायरल हुआ है, वहां तक पहुंचने और आरोपी पर शिकंजा कसने के लिए उस मोबाइल, लैपटॉप व अन्य उपकरणों का पता लगाने के लिए आरोपी के मोबाइल की डिटेल, आईपी एड्रेस की डिटेल, आईपीडीआर व अन्य रिकॉर्ड एकत्रित करना पड़ता है। इसके लिए जांच अधिकारी एक्सपर्ट नहीं होने और पुलिस थानों में सॉफ्टवेयर नहीं होने के कारण वे उच्च अधिकारियों व साइबर एक्सपर्ट को पत्र लिखकर रिकॉर्ड मांगते हैं, लेकिन जांच अधिकारियों को रिकॉर्ड नहीं मिलने से अनुसंधान आगे ही नहीं बढ़ता।



### पुलिस-एसओजी ने कराई 127 वेबसाइट ब्लॉक

प्रदेश में पिछले चार साल में चाइल्ड पोर्नोग्राफी प्रकरणों की पड़ताल में सामने आया कि पुलिस और एसओजी के पुलिस अधिकारी भले ही दर्ज मामलों की जांच नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन पिछले चार साल में 127 पोर्न वेबसाइटों को ब्लॉक कराया है। यह पोर्न वेबसाइट गुगल पर अपलोड थी।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा मामले

चाइल्ड पोर्नोग्राफी के सबसे ज्यादा प्रकरण नागौर जिले में सामने आए हैं। नागौर में पिछले चार साल में 73 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि हनुमानगढ़ में 42, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने 29 और बाड़मेर पुलिस ने 20 मामले दर्ज किए हैं। दूसरे जिलों के मुकाबले इन जिलों में कई गुना ज्यादा प्रकरण दर्ज हुए है।

### 4 लाख से ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

पुलिस की जांच में सामने आया कि अश्लील वीडियो के मामले सबसे ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं के सामने आते है। ऐसे में पुलिस ने अभियान चलाकर 9292 स्कूल-कॉलेजों में 4 लाख 20 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को जागरूक किया है। कॉलेज-स्कूलों में 37 बार सेमिनार की गई है, जबकि आवाज अभियान के तहत 2990 बैठक करके 83 हजार लोगों को जागरूक किया है।

**सीआईडी क्राइम ब्रांच की कार्रवाई**

# 12 करोड़ की लाल चंदन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



बेधड़क। जयपुर

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को कोटपूतली बहरोड जिले के विराटनगर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 3808.60 किलोग्राम दुर्लभ अवैध लाल चंदन की लकड़ी के 144 नग बरामद किए हैं। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपए है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि प्रदेश में पहली बार इतनी भारी मात्रा में उच्च क्वालिटी का बहुमूल्य लाल चंदन की लकड़ी पकड़ी गई है। सोमवार की कार्रवाई में मौके से चार तस्करों को पकड़ एक बोलेरो व ब्रेजा गाड़ी भी जप्त की गई है। पकड़े गए चारों आरोपियों को थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

एडीजी एमएन ने बताया कि चंदन को आगे सप्लाई करने के लिए रोड किनारे गाड़ी में लोड करते समय आरोपी आशीष कुमार, मुकेश गुर्जर, अशोक मीणा, जफरुद्दीन को विराट नगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। एडीजी ने बताया कि इस कार्रवाई में एएसआई बनवारी लाल, हैड कांस्टेबल, सुरेश व सोहन सिंह तथा कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार, कुलदीप सिंह व कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार की विशेष भूमिका रही है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**रेप केस से नाम हटाने की एवज में मांगी थी घूस**

# रिश्वत लेते दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

बेधड़क । जयपुर

जयपुर एसीबी टीम ने सोमवार को भट्टा बस्ती थाने के दो हैड कांस्टेबल को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रेप के मामले में कार्रवाई नहीं करने की एवज में आरोपी के भाई से 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसमें 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी ने दोनों हैड कांस्टेबल को ट्रैप किया।

दोनों आरोपियों से एसीबी टीम पूछताछ कर रही है। एसीबी के डीएसपी नीरज भारद्वाज ने बताया कि पीड़ित ने एसीबी मुख्यालय में शिकायत दी थी कि भट्टा बस्ती थाने के दो हैड कांस्टेबल रेप केस में उसके भाई को फायदा देने की एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। पीड़ित ने एसीबी को बताया कि वह पूर्व में 15 हजार रुपए दे चुका है।



### थानाधिकारी के नाम से लिए थे पैसे

एसीबी ने शिकायत के सत्यापन के बाद हैड कांस्टेबल बुधाराम और सीआई के रीडर हैड कांस्टेबल संजय शर्मा को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। थानाधिकारी राजेंद्र खंडेलवाल से भी इस मामले में एसीबी पूछताछ कर रही है। दोनों हैड कांस्टेबलों के आवास और अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीम सर्च कर रही है। बताया जा रहा है कि रीडर व हैड कांस्टेबल ने थानाधिकारी के नाम से पैसे लिए थे।

## दुर्गा पूजा समारोह में उमड़े भक्त



*जयपुर। नवरात्रि महापर्व के अंतिम दिन सोमवार को महानवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बंगाली समाज द्वारा दुर्गाबाड़ी स्थित पांडाल में दुर्गा पूजा समारोह के दौरान पुष्प अर्चना करते श्रद्धालु।*

*फोटो: राजेश कुमावत*

**चुनावों के लिए वाहन अधिग्रहण करने को दिनरात जुटे हैं परिवहन अधिकारी**

# चुनाव की तारीख तो बदली, फिर नहीं मिली राहत-सावा ले रहा परीक्षा!

बेधड़क । जयपुर

लोकतंत्र के उत्सव विधानसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए वैसे तो सभी विभाग तैयारियों में जुटे हैं। इनमें एक विभाग ऐसा भी है जिसके जिम्मे मतदान कर्मियों का लाने ले जाने के साथ मतदान सामग्री को पहुंचाने का जिम्मा है। यह विभाग है परिवहन विभाग। इसके अधिकारी मतदान में काम लिए जाने वाले वाहनों के अधिग्रहण के लिए दिन-रात जुटे हैं। विभाग के पास करीब दो हजार के लगभग वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर चुनाव में लगाने का लक्ष्य है।

इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ओर से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इधर, परिवहन अधिकारियों के सामने वाहन अधिग्रहण प्रक्रिया में सबसे बड़ी समस्या 23 नवंबर की देवउठनी एकादशी के सावे को लेकर आ रही है। क्योंकि एक दिन पहले 22 नवंबर की शाम से वाहनों को चुनाव ड्यूटी पूरी करने के लिए कैंप स्थल पर पहुंचना होगा, जबकि 22 व 23 नवंबर की तारीखों को शादियों का सावा होने से वाहन मालिकों ने पूर्व में बुकिंग कर ली थी। अब उनसे बुकिंग रद्द कर चुनाव में लगने की सहमति ली जा रही है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने प्रदेश में मतदान की तारीख 23 नवंबर को देवउठनी ग्यारस होने के कारण 25 नवंबर को की थी, लेकिन फिर भी वाहन अधिग्रहण की तारीखों में वाहन मालिकों को कोई फायदा नहीं मिला। इसके साथ ही परिवहन विभाग अब तक 500 वाहनों का अधिग्रहण कर चुनाव ड्यूटी में लगा चुका है। इनमें फ्लाइंट स्कवॉड के साथ चुनाव मजिस्ट्रेट के वाहन शामिल है।



### कैंप स्थल से मतदान बूथ तक यूं पहुंचेंगे वाहन

परिवहन विभाग की ओर से पोलिंग पार्टियों को मतदान बूथ तक पहुंचाने के लिए जयपुर में तीन कैंप स्थल बनाए जाएंगें। झालाना आरटीओ में तैनात डीटीओ प्रवर्तन रमेश पांडे के अनुसार पहला कैंप जामिया तुल हिदायत मुस्लिम यूनिवर्सिटी रामगढ़ मोड़ और दूसरा सीकर रोड़ स्थित भवानी निकेतन कॉलेज तथा तीसरा राजस्थान कॉलेज को बनाया जाएगा।

### जामिया तुल हिदायत मुस्लिम यूनिवर्सिटी रामगढ़ मोड़ पर

- यहां कोटपुतली, विराटनगर, शाहपुरा, जमवारामगढ़, बस्सी, हवामहल विधानसभा के बूथों के लिए वाहन पहुंचेंगे। वाहनों संख्या की 508

### भवानी निकेतन कॉलेज, झोटवाड़ा

- यहां से चौमूं, फुलेरा, आमेर, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, किशनपोल, सिविल लाइंस विधानसभा के बूथों पर जाने वाले वाहन पहुंचेंगे। वाहनों की संख्या 644

### राजस्थान कॉलेज, जयपुर

- यहां से दूदू, चाकसू, बगरू, सांगानेर, आदर्श नगर, मालवीय नगर विधानसभा के बूथों के लिए वाहन जाएंगे। वाहनों की संख्या 499

उपरोक्त वाहन संख्या के अतिरिक्त 10 प्रतिशत वाहनों का और अधिग्रहण किया जाकर रिजर्व रखा जाएगा। वाहनों में बस, मिनी बस व जीप का अधिग्रहण किया जा रहा है।

## जरूरी खबर

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म




**अजमेर।** पुष्कर में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुष्कर थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि पीड़िता ने एक शख्स पर शादी का सांझा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शिकायत में युवती ने बताया कि साल 2019 में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी आरोपी से दोस्ती हुई थी। उसके बाद लंबे समय तक आरोपी उससे फोन पर बात करता रहा। इस बीच आरोपी ने प्रेम प्रस्ताव रखा और उससे नजदीकियां बढ़ाई। दिसंबर 2021 में आरोपी, युवती को लेकर पुष्कर घूमने आया था, जहां उसने एक होटल में कमरा लिया और युवती से जबरन संबंध बनाए।

### पालना गृह में नवजात को छोड़ फरार हुई मां

**कुचामनसिटी।** जिला अस्पताल के पालना गृह में एक मां नवजात बच्ची को छोड़कर चली गई। राजकीय जिला अस्पताल कुचामन के डॉक्टर ईशाक ने बताया कि शिशु पालना गृह में सोमवार को एक नवजात बच्ची मिली। पालना गृह से सायरन बजने पर चिकित्साकर्मी व अस्पताल के पीएमओ डॉ. प्रहलाद बाजिया मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना अस्पताल प्रशासन को दी, जिसके बाद शिशु को वार्ड में शिफ्ट कर चिकित्साकर्मियों ने उसकी स्वास्थ्य संबंधी जांच की। पीएमओ बाजिया ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना एसडीएम व पुलिस को दे दी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी अध्यापक पकड़ा



**जालोर।** भीनमाल थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में थाना पुलिस की टीम द्वारा आरोपी मंगलाराम बिश्नोई पुत्र हीराराम (31) निवासी सेवड़ी थाना बागोड़ा को गिरफ्तार किया है आरोपी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में द्वितीय श्रेणी अध्यापक है। एसपी मोनिका सेन ने बताया कि नाबालिक के परिजनों ने आरोपी टीचर मंगलाराम बिश्नोई के विरुद्ध बेटी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दी गई थी। वांछित आरोपी मंगलाराम बिश्नोई को भीनमाल पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है।

**बरसात की कमी के चलते बांध में पानी की आवक हुई कम,** सिर्फ पेयजल आपूर्ति की जाएगी

# इस बार बीसलपुर बांध से सिंचाई के लिए नहीं मिलेगा पानी

**बेधड़क** | टोंक

इस बार के मानसून सीजन में अगस्त व सितंबर माह में बरसात कम होने पर बीसलपुर बांध की नहरों से सिंचाई के लिए पानी नहीं छोड़ा जाएगा। बीसलपुर बांध में पानी की आवक कम होने पर इसमें मौजूद पानी को पेयजल के लिए ही रखा गया है।

इसका निर्णय सोमवार को कलेक्टर कक्ष में जिला कलेक्टर डॉ. ओम प्रकाश बैरवा की अध्यक्षता में मानसून बाद बीसलपुर बांध में उपलब्ध जल के उपयोग के संबंध में बैठक हुई। इसमें बताया कि मानसून से पूर्व एक जून 2023 को बीसलपुर बांध का गेज 313.02 मीटर एवं भराव 22.477 टीएमसी था। बीसलपुर बांध के कैचमेंट क्षेत्र में कम बरसात होने से जल की आवक कम हुई है। जिसके कारण मानसून समाप्ति 4 अक्टूबर 2023 को बीसलपुर बांध का गेज 313.76 आरएल मीटर एवं भराव 26.631 टीएमसी है। जो पूर्ण भराव क्षमता का लगभग 68 प्रतिशत है। बांध का जल स्तर 18 अक्टूबर 2023 को 313.65 आरएल पर 25.872 टीएमसी जल उपलब्ध है।



### 12 हजार 407 हैक्टेयर जमीन को सिंचित करती है यह नहरें

बीसलपुर बांध की 51.64 किलोमीटर लम्बी दायीं मुख्य नहर से 218 गांवों की कुल 69 हजार 393 हैक्टेयर जमीन सिंचित की होती है। नहर से राजमहल, संथली, दूनी, सांखना, दाखिया, मुगलानी, नगरफोर्ट वितरिकाएं व टोंक ब्रांच शामिल हैं। इन वितरिकाओं की कुल लम्बाई 581 किलोमीटर है। बांध की बायीं मुख्य नहर 18.65 किलोमीटर लम्बी तथा कुल वितरण तंत्र 93.62 किलोमीटर लम्बा है। ये टोडारायसिंह क्षेत्र के 38 गांवों से गुजरती हुई 12 हजार 407 हैक्टेयर जमीन को सिंचित करती है।

### किसानों पर पड़ेगी मार

इस साल जिले में मानसून कमजोर रहा है। इसकी मार किसानों पर पड़ रही है। सिंचाई विभाग के मुताबिक इस साल 82 प्रतिशत ही बरसात हुई। जिले में औसत बरसात 641.17 एमएम है। कम बरसात होने पर सिंचाई विभाग के 30 में से 24 बांध तो भरे ही नहीं। जो 6 भरे थे वो भी बरसात नहीं होने पर धीरे-धीरे कम हो गए। इस साल सिंचाई के लिए किसानों पर संकट है।

### पिछली बार भी हुई थी यह स्थिति

बैठक में अधीक्षण अभियंता वीएस सागर ने बताया कि इस प्रकार की परिस्थिति वर्ष 2020-21 में भी उत्पन्न हुई थी, जिसके अनुसार 30 सितंबर 2020 को बांध में उपलब्ध जल की मात्रा 24.31 टीएमसी थी। जल की कम उपलब्धता को देखते हुए उस समय भी सिंचाई के लिए जल नहीं दिए जाने का निर्णय किया गया था। बैठक के दौरान जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल, बीसलपुर परियोजना के अधीक्षण अभियंता भवानी सिंह मौजूद रहे।

**टिकट कटने के बाद भाजपा**-कांग्रेस में उभर रहे विरोध के स्वर

# कांग्रेस विधायक दानिश अबरार पर हमला, गाड़ी में की तोड़फोड़

■ सवाई माधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी हैं दानिश, किरोड़ीलाल मीणा से होगा मुकाबला

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। दोनों ही पार्टियों ने कई पुराने उम्मीदवारों को टिकट दिया है तो कहीं नए चेहरों पर दांव खेला है। ऐसे में टिकट कटने से नाराज कई नेताओं के समर्थकों ने अपनी पार्टियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच प्रदशभर से विरोध की खबरें सुनने को मिल रही हैं। इस बीच कांग्रेस विधायक दानिश अबरार की गाड़ी पर हमला हुआ है।

मलारना चौड़ सवाई माधोपुर में यह हमला हुआ है। उन्होंने फेसबुक पर लाइव आकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर जानलेवा हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि जब उनकी गाड़ी पर हमला हुआ, उस दौरान उनका परिवार भी उनके साथ था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया है, हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। कांग्रेस विधायक ने कहा, मैं निवेदन करूंगा चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से कि सख्ती बरतें, ताकि जो चुनाव लड़ रहे हैं चाहे वे किसी भी दल के हों, उन पर इस तरह के हमले न हों। मेरी पूरी गाड़ी को फोड़ दिया गया, मेरे लोगों को पीटा गया। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में सवाई माधोपुर से विधायक दानिश अबरार पर फिर से भरोसा जताया है।

उनका मुकाबला बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा से होगा। बीजेपी ने पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहीं आशा मीणा की जगह किरोड़ीलाल को टिकट दिया है।




### टिकट वितरण को लेकर भाजपा में भी विरोध

राजस्थान में टिकट वितरण के बाद भारतीय जनता पार्टी की तीन सीटें ऐसी हैं, जहां पर विरोध बढ़ गया है। बीजेपी ने सांचोर में सांसद देवजी पटेल को मैदान में उतारा है। यहां जीवाराम ने अभी तक विरोध जारी रखा है। डैमेज कंट्रोल में जुटी पार्टी की इस तरफ पूरी नजर बनी हुई है। बूंदी विधानसभा सीट पर मौजूदा विधायक अशोक डोगरा का विरोध हो रहा है। यहां भी टिकट घोषित होते ही विरोध बढ़ गया है। चित्तौड़गढ़ में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट कटने का भी विरोध हो रहा है।

#### चन्द्रभान सिंह आक्या के समर्थक नाराज

राजस्थान में चित्तौड़गढ़ को बीजेपी का गढ़ कहा जाता है। यहां इस बार पार्टी ने दो बार के विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या का टिकट काट दिया है। जिसे लेकर जमकर विरोध हो रहा है। विरोध स्वरूप कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतर आए हैं।

#### अशोक डोगरा के खिलाफ उतरे लोग

बूंदी जिले में तीन बार के मौजूदा विधायक अशोक डोगरा के खिलाफ विरोध बढ़ गया है। जिस दिन उनका टिकट घोषित हुआ उसके बाद से वहां शहर से लेकर गांव तक विरोध शुरू हो गया। यहां अक्षय हाड़ा को टिकट दिए जाने की बात सामने आ रही है।

**शहीद का** अंतिम संस्कार आज

## लापता राजस्थान के जवान हनुमान राम जाट का शव मिला

**बेधड़क** | अजमेर



सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने से आई बाढ़ में लापता हुए एक और जवान का शव मिला है। जवान की पहचान राजस्थान के अजमेर जिले के रूपनगढ़ क्षेत्र के अमरपुरा गांव निवासी हनुमान राम के रूप में हुई है। हनुमान राम जाट सेना में सिपाही थे। जवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव लाया जाएगा, जिसके बाद मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ शहिद हनुमान राम का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

अमरपुरा गांव के सरपंच रामदेव चौधरी ने बताया कि हनुमान राम जाट के लापता होने की सूचना सेना की ओर से दी गई थी, अब उनका शव मिल गया है। उनके परिजनों को फिलहाल इसके बारे में नहीं बताया गया है, क्योंकि हनुमान राम जाट के लापता होने की सूचना से ही उनका परिवार सदमे में है। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को पैतृक गांव पहुंचेगा, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हनुमान राम जाट का परिवार उनके यूनिट के एक और सैनिक से लगातार संपर्क में था। तीन अक्टूबर को सिक्किम में बादल फटने की घटना के बाद से ही सेना का रेस्क्यू कार्यक्रम जारी है।

### किसान परिवार से थे हनुमान

सरपंच चौधरी ने बताया कि 29 वर्षीय हनुमान राम जाट किसान परिवार से हैं। उनके परिवार में पिता सुंडाराम, माता सोनकी देवी, तीन बड़ी बहने, एक छोटा भाई के अलावा पत्नी लीला देवी, 5 वर्षीय पुत्र यश और 2 वर्षीय पुत्री दक्षिता है। सेवानिवृत्त कैप्टन रतन लाल ढाका ने बताया कि हनुमान राम जाट उनके रिश्तेदार हैं। हनुमान राम सेना में फील्ड अस्पताल (एएमसी) में चालक थे।

**महंगाई का असर:** आज किया जाएगा रावण दहन

## रावण के पुतलों की लागत तीन गुना बढ़ी

**बेधड़क** | अलवर

प्रदेशभर में आज बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा मनाया जाएगा। जगह-जगह रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस बीच रावण के पुतले बनाने वाले श्रमिक महंगाई से त्रस्त नजर आ रहे हैं। महंगाई का असर दशहरा पर्व भी पड़ा है।

रावण के पुतले बनाने के लिए काम में ली जाने वाली सामग्री के दाम भी दो से तीन गुणा तक बढ़ गए हैं। महंगाई की मार से रावण के पुतले भी नहीं बच पाएं हैं। दशहरा पर्व पर रावण दहन के लिए तैयार किए जा रहे पुतले अब महंगे हो गए हैं। पुतलों के काम में आने वाली सामग्री के दाम तीन गुना बढ़ गए हैं, वहीं कारीगरों की मजदूरी भी महंगी हो गई है।

महेश बताते हैं कि करीब 15 साल पहले अलवर में 50 फीट का रावण बनाया जाता था, जो इस बार बढ़कर 75 फीट तक हो गया है। इसके साथ ही पुतले बनाने की सामग्री के दाम भी बढ़ गए हैं।

मजदूरी पहले 200 रुपए थी जो बढ़कर अब 600 रुपए प्रतिदिन हो गई है। कागज की रिम 1500 रुपए की आती थी, वह अब 3 हजार रुपए की आती है। मैगजीन वाला रिफलेक्टर पेपर 20 रुपए किलो मिलता था, वो अब 50 रुपए किलो मिल रहा है। पुतले बनाने के लिए डीग से आए महेश चंद गुड्डू ने बताया कि वह पिछले 30 सालों से अलवर में रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले बनाने के लिए आ रहे हैं। इससे पहले वह अपने पिता के साथ यहां आते थे।

यह उनका पुश्तैनी काम है। वह बताते हैं कि उनके परिवार के सभी लोग इसी काम से जुडे हुए हैं। अलवर के अलावा अन्य जिलों में ही उनके कारीगर पुतले बनाकर बेचते हैं।



**अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना** अधर झूल में

## सीएम गहलोत की फोटो के कारण वितरण बंद, नए पैकेट बनेंगे

**बेधड़क** | धौलपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के चलते इस माह में वितरित होने वाले मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट का वितरण कार्य अधर में अटक गया था। अब इसके लिए वापस से बिना फोटो वाले बैग सिलवाए गए हैं।

अगले दो से तीन दिन में पैकेट उपलब्ध होने की संभावना है। प्रदेश में महंगाई राहत शिविरों में मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के लिए 1 लाख 88 हजार रजिस्ट्रेशन हुए थे। लेकिन आचार संहिता लगने के बाद वितरण कार्य बंद हो गया। बताया जा रहा है कि अब फिर से फूड पैकेट शुरू होंगे। गौरतलब रहे कि फूड पैकेट बैगों पर सीएम का फोटो छापा था, जो आदर्श आचार संहिता में आता है। जिसके बाद वितरण कार्य को रोक दिया गया था। राज्य में मंहगाई राहत शिविरों में मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के लिए रजिस्ट्रेशन किए गए थे। गत 15 अगस्त से योजना का शुभारंभ किया गया था। इसके तहत जिले के पंजीकृत करीब 1.88 लाख लाभार्थियों को फूड पैकेट वितरित किए गए।

लेकिन दूसरे महीने फूड पैकेट लेने कम पहुंच थे। काफी लोग दूसरे जिले से फूड लेने के लिए विभाग संभावना जता रहा था। लेकिन अब चुनाव शुरू होने के बाद फूड पैकेट पर मुख्यमंत्री की फोटो छपी हुई थी। जिससे बीते दिनों विधानसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण मुख्यमंत्री की फोटो लगे पैकेट का वितरण नहीं किया जा सकता था।



विधानसभा चुनाव से पहले सख्ती

# दो बसों से 86.50 लाख रुपए कीमत की 173 किलो चांदी बरामद की

**बेधड़क** | दौसा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस की ओर से मादक पदार्थ और धन का दुरूपयोग रोकने के लिए काफी सख्ती बरती जा रही है।

जिसके चलते पुलिस नाका टीकरी जाफरान पर नाकाबंदी के दौरान महवा थाना पुलिस की टीम ने दो प्राइवेट बसों से 86.50 लाख रुपए कीमत की 173 किलो चांदी बरामद की है।

इसके साथ ही श्रीनाथ ट्रैवल्स कंपनी की बस में बैठे दो व्यक्तियों से 61.02 किलो चांदी और श्रीनाथ व नीलम ट्रेवल्स की बस की डिग्गी से 112.52 किलो चांदी बरामद की गई।



### पूछताछ में जुटी पुलिस

एसपी वन्दिता राणा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मध्य नजर आईजी रेंज उमेश चंद्र दत्ता के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत व सीओ प्रेम बहादुर निर्भय के सुपरविजन में एसएचओ महवा जितेंद्र सिंह मय टीम द्वारा रविवार को नाका टीकरी जाफरान पर नाकाबंदी की गई थी। नाकाबंदी के दौरान जोधपुर नंबर की नीलम ट्रैवल्स स्लीपर बस की डिग्गी से 51 किलो 760 ग्राम व गुजरात नंबर की श्रीनाथ ट्रैवल्स स्लीपर बस की डिग्गी से 60 किलो 760 ग्राम तथा श्रीनाथ ट्रेवल्स बस में बैठी सवारी शिवम गर्ग पुत्र राकेश गर्ग निवासी आगरा के कब्जे से 37 किलो 620 ग्राम और अनिल वैष्णव पुत्र रमेश चंद्र निवासी भीण्डर उदयपुर के कब्जे से 23 किलो 400 ग्राम चांदी की धातु के आभूषण बरामद किए गए। पुलिस इस संबंध में पूछताछ में जुटी है।

### बाड़मेर में 169 लीटर अवैध शराब पकड़ी

**बाड़मेर।** जिला पुलिस ने रविवार शाम को चलाये अभियान में 169 लीटर अवैध शराब सहित एमडी, धारदार हथियार व विस्फोटक सामग्री जब्त करने में सफलता हासिल की वहीं 2349 वाहनो की चैकिंग कर 40 वाहन सीज कर 72 वाहनो के विरूद्व एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे मे 169 लीटर अवैध शराब, 3 ग्राम एमडी, 3 धारदार हथियार व 2 किलो विस्फोटक पदार्थ जब्त करने में सफलता हासिल की गई। 2349 वाहनों को चैक कर कागजों के अभाव मे 40 वाहन सीज किए गए तथा 72 वाहनों के विरूद्व एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। विधानसभा चुनाव के मध्यनजर निरन्तर वाहन चैकिंग की कार्यवाही जारी रहेगी।

### दौसा में नाकाबंदी के दौरान कार से मिले 29 लाख रुपए

**दौसा।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। इसी को लेकर राजस्थान बॉर्डर में प्रवेश करने वाले हर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली नंबर की एक गाड़ी को रोका गया। जिसमें जांच के दौरान 20 लाख रुपए की नगदी बरामद की गई है। जांच में पता चला कि ये गाड़ी नोएडा से सामोद जा रही थी। जिसको भांडारेज मोड़ पर नाकाबंदी के दौरान रोका गया था। पुलिस की पूछताछ में कार के मालिक ने बताया कि उनके लड़के की शादी है। इसलिए नोएडा से सामोद शादी के जेवरात खरीदने के लिए बड़ी रकम लेकर जा रहे थे। कार में शादी का कार्ड भी बरामद हुआ है। इधर, 10 लाख से अधिक की रकम होने के चलते पुलिस ने इनकम टैक्स विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर इनकम टैक्स विभाग मौके पर पहुंचा और जब्त की गई राशि की गिनती की। उधर, इसी तरह एक कार्रवाई राहुवास थाने में भी की गई है। राहुवास थानाधिकारी गोपाल शर्मा ने बताया कि रविवार शाम नाकाबंदी के दौरान दिल्ली से सवाईमाधोपुर जा रही थार गाड़ी की जांच की गई तो पिछली सीट के पास 5 लाख रुपए की नकदी मिली।



**चुनावी पोळ**

इत रंग कसुमल वसुंधरा,
उत जादूगर को खेल।
अब जो पाळा जीत सी,
बढ़सी बांकी ई बेल।।
■ गजानन

**सीधे फील्ड से** आदर्श नगर से पिछली बार 31 प्रत्याशी थे मैदान में, 29 की हुई जमानत जब्त

# इनको नहीं चाहिए पार्टी का टिकट जमानत गंवाने को लड़ते हैं चुनाव

## निर्दलीय बिगाड़ते हैं गणित

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ ही चुनावी दंगल सजकर तैयार हो गया है। दोनों बड़ी पार्टियों की ओर से प्रदेश की विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारें की घोषणा शुरू होने के साथ ही प्रत्याशियों की तस्वीर भी साफ होने लगी है। जिन्हें टिकट मिल गया या मिलेगा वे पार्टियों के सहारे जीत की गणित बिठाने में लगे है। जिनको टिकट मिलेगा उनको पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ना है, लेकिन चुनाव में निर्दलीय लड़ने वाले नेताओं का अलग समीकरण काम करता है।

पिछले विधानसभा चुनावों का ट्रेंड देखें तो 25 से 30 सीटें ऐसी हैं जिनपर जातिवाद या धार्मिक ध्रुवीकरण के चलते कांटे की टक्कर रहती है। इसके चलते इन सीटों पर निर्दलीयों की भरमार रहती है। उदाहरण के लिए जयपुर की आदर्शनगर सीट पर पिछले वर्ष 66 नामांकन दाखिल किए गए थे जिनमें से 31 ने चुनाव भी लड़ा था। कहने को इतने प्रत्याशी मैदान में थे लेकिन भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा शेष सभी की जमानत जब्त हो गई थी। कमोबेश यही ट्रेंड ऐसी सभी सीटों पर देखने को मिलता है जहां ज्यादा प्रत्याशी मैदान में होते हैं। दरअसल, चुनाव में निर्दलीयों के जमावड़े के पीछे कई कारण हैं। किसी विशेष प्रत्याशी के वोट काटने से लेकर मजबूत प्रत्याशियों वोट काटने के नाम पर डराकर 'लाभ' लेना तक इनमें शामिल है। साथ ही किसी विशेष प्रत्याशी के वोट काटने के लिए उसी के नाम वाले किसी व्यक्ति को चुनाव में खड़ा कर मतदाताओं को भ्रमित करने की भी कोशिश की जाती है। देखने में आया है कि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या जितनी अधिक होती है, जीत-हार का मार्जिन उतना ही कम हो जाता है। इसके चलते अधिकांश पार्टियां व उम्मीदवार निर्दलीयों को मैनेज करने की कोशिश अंतिम समय तक करते हैं। हालांकि भाजपा-कांग्रेस से असंतुष्ट होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोकने वाले कई प्रत्याशियों ने जीत के इतिहास भी बनाए हैं और सरकार के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई है।

### पिछली बार यहां रहे बंपर प्रत्याशी

- सांगानेर- 29
- मुंडावर- 22
- बीकानेर ईस्ट- 22
- गंगानगर- 22
- मालवीयनगर- 22
- विद्याधरनगर- 21
- रामगढ़ 20
- झोटवाड़ा- 20
- जैतारण- 20




आदर्शनगर क्षेत्र से 2018 में 66 लोगों ने नामांकन दाखिल किए थे इनमें से 31 ने चुनाव मैदान में हाथ आजमाए। भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी को छोड़ शेष 29 की जमानत जब्त हो गई थी। इससे पहले 2013 में यहां से 47 लोगों ने फॉर्म भरे थे और 32 ने चुनाव लड़ा था। 2008 में 18 लोग चुनाव मैदान में थे। यह सीट जयपुर की संवेदनशील सीटों में आती है। यहां भी धार्मिक ध्रुवीकरण बड़ा फैक्टर है। कांग्रेस से इस बार वर्तमान विधायक रफीक खान ही मैदान में हैं।

## इन सीटों पर हर बार निर्दलीयों की भरमार

### कोटपूतली

2008 में 48 और 2013 में 37 नामांकन दाखिल किए गए। जीत का मार्जिन 2008 में 893 वोट रहा। निर्दलीयों ने 55 हजार वोट हासिल किए। वजह- यहां जातियों का बिखराव है। यादव सबसे ज्यादा हैं। इनके बाद गुर्जर, जाट, मीणा व अन्य जातियां हैं। जिन जातियों को दोनों मुख्य पार्टियों से टिकट मिलता है उनके अलावा जातियों के दूसरे नेता भी मैदान में उतरते हैं। इस बार कांग्रेस ने राजेन्द्र यादव व भाजपा गुर्जर हंसराज पटेल को उतारा है। तय है इस बार भी निर्दलीयों की भरमार होगी।

### विद्याधर नगर

2008 में 31 व 2013 में 23 नामांकन भरे गए। 2018 में 29 ने नामांकन भरा और 21 ने चुनाव लड़ा। इनमें से 18 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। यहां राजपूत, ब्राह्मण, वैश्य व सिंधी समुदाय के काफी वोट हैं। इसी के 2008 और 2013 में दोनों पार्टियों ने राजपूतों को टिकट दिया था जबकि 2018 में भाजपा ने राजपूत व कांग्रेस ने वैश्य को टिकट दिया था। इस बार यहां भाजपा से दियाकुमारी उम्मीदवार हैं।

### किशनपोल

यहां 2008 में 29 नामांकन भरे गए थे जिनमें से 19 ने चुनाव लड़ा। 17 की जमानत जब्त हो गई। 2013 में 55 नामांकन भरे गए, 29 ने चुनाव लड़ा और 27 की जमानत जब्त हो गई। 2018 में रिकॉर्ड 71 लोगों ने नामांकन किया जिनमें से 46 चुनाव में भी उतरे। इनमें से 44 की जमानत जब्त हो गई। ज्यादा प्रत्याशियों के चलते जीत का मार्जिन महज 8770 वोट का रहा। यहां हिन्दू मुस्लिम ध्रुवीकरण पर सारा खेल टिका हुआ है।

### हवामहल

हवामहल सीट पर 2018 में 31 नामांकन भरे गए थे जिनमें से 19 ने चुनाव लड़ा था। 17 जमानत भी नहीं बचा पाए। जीत का मार्जिन भी महज 9282 वोट का रहा था। इससे पहले 2013 में यहां से 24 नामांकन भरे गए थे जिनमें से 21 ने चुनाव लड़ा था। यह सीट भी धार्मिक ध्रुवीकरण में फंसी सीट है।

**बिहाइंड द कर्टेन**




## अधूरे तामझाम के साथ हाथ पैर मारने की मजबूरी

टिकटों के पिटारे खुलने की शुरुआत के साथ ही लॉटरी जीते भाईसाहब और भाईलोग वोटों के लिए चक्कर काटना शुरू कर चुके हैं। जमीन पर तो दोनों पसीना बहा ही रहे हैं, ऑनलाइन भी लगातार हाथ पैर मार रहे हैं। ऑनलाइन की बात चली है तो बता दें, फूल वाली पार्टी की ऑनलाइन पहुंच तो सब जानते ही हैं। इन चुनावों में भी पार्टी सभी चैनलों पर भर-भर के कंटेंट डाल रही है। अब बात करें हाथ वाली पार्टी की तो, पूछो ही मत। ऑनलाइन सब ठंडा सा पड़ा है। यायावर को खबर मिली है कि कुछ दिन पहले सरकार के कामों को लोगों तक पहुंचाने के लिए जिन सिपहसालारों की फौज इकट्ठा की गई थी, उन्होंने हाथ खड़े कर रखे हैं। वजह बताई जा रही इनकी कड़की। सुनने में आया है कि इन सिपहसालारों की तय दिहाड़ी बैंक खातों तक नहीं पहुंच पा रही। इसका असर सीधे सीधे पार्टी के प्रचार पर पड़ रहा है। अब केवल जमीन पर प्रचार करना तो काफी है नहीं। तो भाई लोगों की सांस फूली हुई है। कुछ ने खुद के सिपहसालार भर्ती कर माहौल बनवाना शुरू किया है। कुछ अभी इंतजार कर रहे हैं। अब ये इंतजार जितना लंबा होगा उतना ही माहौल ठंडा रहने वाला है। सुनने में आया है कि सारे टिकट बंटने के बाद प्रोसेस कुछ पटरी पर आ सकता है। आला भाइयों का सारा फोकस अभी कैंडीडेट चुनने में लग रहा बताते हैं। बात सही है, पर भाई लोगों को डर है कि लिस्ट निकालने में जैसे सामने वाली पार्टी बाजी मार रही है, वैसे ही माहौल बनाने में भी वो पीछे ना रह जाएं। कुल मिलाकर सभी भाईलोगों ने टिकट की जंग तो जीत ली, अब असली जंग जीतने के लिए आधे-अधूरे तामझाम के साथ हाथ पैर मार रहे हैं।

■ यायावर

**ई वॉर**



C. P. Joshi
@cpjoshiBJP

दौसा के कालाखो गांव में पुजारी रामजीलाल शर्मा की लाठियों से पीट पीट कर नृशंस हत्या प्रदेश की कानून व्यवस्था पर एक बहुत बड़ा धब्बा है। यह पहली बार नहीं है। पिछले पांच वर्षों में ऐसी कई जघन्य घटनाएं हो चुकी हैं। दौसा जिले में पुजारी को जिंदा जलाने का घटनाक्रम भी हो चुका है। आखिर ये घटनाएं बार बार क्यों होती हैं? क्यों प्रशासन और पुलिस का अपराधियों में खौफ नहीं है।
जब कोई सरकार अपराधियों में भय का माहौल पैदा नहीं कर पाती है, उनसे सांठ गांठ करती है, तब ऐसी घटनाएं घटित होती हैं।
अब वक्त जनता का है। 25 नवंबर को ईवीएम मशीन का बटन दबाते समय एक ही बात ध्यान में रखें कि जिस कांग्रेस सरकार ने हमें खून के आंसू रुलाए हैं, उनको कमल का बटन दबाकर वोट की पेटी में दफन करना है।

Ashok Gehlot
@ashokgehlot51

राजस्थान में लगातार हो रही ईडी की रेड्स इस बात का सबूत हैं कि कांग्रेस चुनाव जीत रही है। राजस्थान की जनता का विश्वास जीतने में असमर्थ भाजपा, कांग्रेस को परेशान करने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## काबिल तो जीत ही जाएगा पर टक्कर जोरदार हो

**स्थान** टी-स्टॉल **समय** शाम 5 बजे

**सांगानेर, जयपुर**

शहर भर में दिवाली की रौनक परवान चढ़ने लगी है। बाजार गुलजार हैं। दुकानों पर नया नवेला सामान लोगों को अपनी और खींच रहा है। दिवाली के साथ ही एक और त्योहार है जिसकी रौनक लगातार परवान चढ़ रही है। ये है चुनाव का त्योहार। इस त्योहार का बाजार अलग है लेकिन है बाजार ही। इस बाजार में नेताजी ने अपनी अपनी दुकाने सजा ली हैं। जिनको टिकट मिल गए वो पार्टी की दुकान संभाल रहे हैं। जिनको नहीं मिले वो नई दुकान खोलने की जोड़तोड़ में लगे हैं। इन दुकानों में सामान की तरह सजी हैं घोषणाएं, वादे और आश्वासन। अब वोटर को कौनसी दुकान पसंद आती है ये तो वक्त बताएगा। लोगों के बीच चलने वाली आम बातचीत से चुनावी त्योहार कि रौनक का अंदाजा लगाने हम पहुंचे सांगानेर में। यहां सड़क किनारे मौजूद एक थड़ी पर जुटे लोगों की बातचीत पर कान लगाए तो सुनाई दिया-"अबकी बार तो नए ही खिलाड़ी पर दांव खेल दिया। क्या लगता है, ये मैदान तो गढ़ है। इसको नया खिलाड़ी बचा लेगा क्या।" सामने से जवाब आया-" भाई पुराना खिलाड़ी भी जब खेल में उतरा तब नया ही था। उसको भी भर भर के दिए थे वोट। अब उसने पांच साल में सारा गुड़ गोबर कर दिया तभी तो नए आदमी को लाए हैं।" पुराने वाले नेताजी कि गड़बड़ इमेज पर बात उठी तो सामने से जवाब आया-" बात तो सही है। केवल वोट बटोर कर जीतना ही काफी नहीं है। जीतने के बाद लोगों के काम भी आना होता है। जनता को दिखना भी चाहिए कि उनके लिए कोई है। ये बात तो पार्टी भी समझती है इसीलिए रिस्क नहीं लिया। पर पार्टी की तरह जनता भी ये बात समझे तभी मजा है। लहर के पीछे नहीं बल्कि कैंडिडेट को देखकर वोट करेंगे तो सारी पार्टियां लाइन पर आ जाएंगी।" बात सही थी, पर सामने वाले का इंटरेस्ट कही और था- " भाई, पर इस बार आसान नहीं है मामला। सामने वाले ने पूरे पांच साल जोर लगाया बताया। और यंग भी है। टक्कर तो जोरदार होगी।" सामने से मुहर लगी-"हां भाई टक्कर तो जोरदार ही होनी चाहिए। खेल और चुनाव में टक्कर जोरदार हो तभी मजा आता है। जो काबिल होगा वो तो जीत ही जाएगा पर मैच में मजा भरपूर आना चाहिए।" और इसी के साथ ठहाकों से माहौल गूंज उठा। साफ था, रिजल्ट जो भी हो मैच में मजा आने वाला है।

**पॉली क्लिक्स**



**'कल' के वोटरों के साथ क्लिक:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने चुनाव क्षेत्र सरदारपुरा में जनसंपर्क कर रहे हैं। वे जिस भी इलाके में जा रहे हैं, मुख्यमंत्री के नाते उनका लोगों में चार्म देखने को मिल रहा है। बड़ों से लेकर बच्चे तक उनसे मिलने को उत्साहित नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री दौरे के दौरान बच्चों के साथ सेल्फी क्लिक करवाते नजर आए।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से** भैरोंसिंह शेखावत जन्मशती विशेष

# माला पहनाने के अंदाज से सामने वाले की निष्ठा को पहचान गए थे भैरोंसिंह शेखावत




■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com


भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनावों में दोनों ही पार्टियां लगातार अपने प्रत्याशियों की सूचियां जारी कर रही हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव से दो माह पहले प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की बात कही थी ताकि प्रत्याशी और उनके समर्थक चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर लें, पर कांग्रेस पार्टी ने इस पर अमल नहीं किया और पहली सूची दो दिन पहले ही आई है। भाजपा की सूची भी पर नेताओं की प्रतिक्रिया भी मीडिया की सुर्ख़िया बन गई। यह कोई नई बात नहीं है। प्रायः हर चुनाव में राजनैतिक दलों के नेतृत्व के सामने यह चुनौती आती है और इसके समाधान के लिए हरसम्भव प्रयास किए जाते हैं। कभी-कभार समझाइश से मामला शांत हो जाता है तो कभी चुनाव लड़ने के लिए कार्यकर्ता बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं। यही नहीं अन्य दलों से टिकट पाने की जुगाड़ में रहते हैं। ऐसे में केवल नेतृत्व की सूझबूझ ही पार्टी का भविष्य तय करती है।

बहरहाल, नेताओं की समझबूझ का जीवंत उदाहरण जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र के चुनाव के दौरान मिला और इसके प्रतीक बने भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता भैरों सिंह शेखावत। सोमवार को ही शेखावत का जन्मशती समारोह मनाया गया है। अपने पत्रकारीय जीवन के कार्यकाल में उन दिनों मैं जोधपुर में कार्यरत था। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बूटासिंह चुनाव मैदान में थे। इस चुनाव के कवरेज के लिए चंडीगढ़ से दैनिक ट्रिब्यून के प्रिंसीपल कोरेस्पोन्डर श्याम खोसला जोधपुर आए थे। उनके साथ मेरा भी जालोर जाना हुआ। जालोर मुख्यालयाया पर पहुंचने से पहले हमे जानकारी मिली कि एक गांव में भैरोसिंह जी की सभा है। वहां पहुंचने पर जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार मिलाप चंद डांडिया मिल गए। मंच से उतरते ही शेखावत हम सभी को एक साथ देख चौंक गए। मुस्कान बिखेरते हुए कहा कि- आपने यहां भी पीछा नहीं छोड़ा। शेखावत और हमे जालोर जाना था और मिलाप जी को जोधपुर-जयपुर लौटना था। तय हुआ कि जालोर सड़क मार्ग पर जालोर फांटे तक मिलाप जी शेखावत से बात कर लेंगे और आगे की यात्रा में श्याम खोसला चर्चा करेंगे। हम जालोर फांटे से शेखावत के साथ कार में बैठे।



### यो ठाकुर तो आपणों नहीं लाग रह्यो

थोड़ी दूर सड़क के किनारे एक शामियाना लगा हुआ था जिसमें आस पास के गांवों के कुछ लोग जमा थे। कार की अगली सीट पर बैठे भाजपा जिला अध्यक्ष हरिशंकर राजपुरोहित ने गाड़ी रुकवाई तो शेखावत ने कहा कि हमे पहले ही देरी हो चुकी है। राजपुरोहित का कहना था- बाबोसा बस लोगों को भुलावण देनी है। हम सभी कार से उतरे और सड़क पार पाण्डाल में पहुंचे। लोग नारे लगा रहे थे। हरिशंकर ने एक ठाकुर का परिचय करवाया जिसने शेखावत को माला पहनाई। रामा श्यामा के पश्चात हम जालोर की और रवाना हो गए। कार में बैठने के कुछ समय बाद शेखावत ने हरिशंकर से कहा कि यो ठाकुर तो आपणों नहीं लाग रह्यो है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सहमति जताते हुए कहा कि गांव का यह मुखिया लिहाजवश आपका स्वागत करने आया- यह हमारा समर्थक नहीं है। यह वार्तालाप सुन खोसला जी बोले कि बस उस शख्स ने आपको माला पहनाई तो आपने कैसे पता लगा लिया कि वह अपने पक्ष का नहीं है। खोसला जी बार बार शेखावत के इस ज्ञान की गहराई जानना चाह रहे थे। शेखावत का मुस्कान भरा उत्तर था- ये बाल ऐसे ही सफेद थोड़े किए हैं। और हम आश्चर्यचकित थे, उनका चेहरा देख रहे थे कि केवल माला पहनाने के अंदाज से शेखावत ने अपने पराये की सफल पहचान कर ली थी।

विजयादशमी पर विशेष

# महिला बोली...का बताएं बिन्नू, रावण मर गया!

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक त्यौहार 'विजयादशमी' हर साल पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। दशहरे से पहले कई जगह 'रामलीला' होती हैं। एक दौर था, जब 'रामलीला' सभी के आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थीं। लोगों को इसका साल भर इंतजार रहता था। अदाकारी के शौकीन 'रामलीला' में अपना पार्ट करने के लिए महीनों तैयारी करते थे। इसके लिए बाकायदा चंदा होता और वे इंतजाम में जुट जाते। 'रामलीला' की शुरुआत से ही लोग पूरी अकीदत से इसे रात-रात भर देखते थे, लेकिन देखते-देखते वक्त बदला, लोगों की दिलचस्पियां भी बदल गईं। नई पीढ़ी में 'रामलीला' का वह पहले जैसा क्रेज नहीं रहा।

तथाकथित आधुनिकता की बयार, बाजारवाद और जिंदगी की जद्दोजहद ने हमारे तमाम त्योहारों से उनकी रौनक छीन ली। त्योहार भी औपचारिक होकर रह गए। इन त्योहारों पर अब पहले जैसा जश्न, साम्प्रदायिक सद्भाव और चेहरे पर कहीं खुशियां देखने को नहीं मिलतीं। साम्प्रदायिक सद्भाव, मोहब्बत, आपसी भाईचारा और हमारे त्योहारों को भी जैसे जमाने की नजर लग गई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के निवासी मेरे नाना समशेर खां अपने नगर में हर साल दशहरे पर होने वाली 'रामलीला' में रावण का किरदार अदा करते थे। नानी के घर की दीवार पर आज भी रावण के गेटअप में उनकी एक आकर्षक तस्तीर लगी हुई है। इस तस्वीर को देखने से एहसास होता है कि अपने गेटअप और मेकअप के लिए नाना, खासी तैयारी किया करते थे। उस जमाने में यानी आज से चार-पांच दशक पहले, जब मेकअप और ड्रेसें परम्परागत तौर पर बनाई जाती थीं। सीमित संसाधनों में अत्याधिक प्रभाव पैदा करने के लिए क्या-क्या जुगत भिड़ाना पड़ती होगी?, इस तस्वीर को देखने से मालूम चलता है। इस तस्वीर के अलावा दीवार पर एक और तस्वीर लगी हुई है, इस तस्वीर में नाना कंस के गेटअप में बाल कन्हैया को एक हाथ से ऊपर उठाए हुए हैं। टीकमगढ़ की चार दशक से ज्यादा पुरानी यह 'रामलीला' और 'कृष्णलीला' तो मैंने नहीं देखी, लेकिन बचपन की एक बात, जो मुझे अभी तक याद है, नाना दीपावली पर लक्ष्मीजी की पूजा भी करते थे। पूजा के बाद हम बच्चों को खीलें-बताशे और मिठाईयां मिलतीं। भले ही नाना के इंतकाल के बाद, उनके घर में यह परम्परा खत्म हो गई हो। लेकिन इस रिवायत को मेरी मां ने हमारे यहां जिंदा रखा। हमारे छोटे से नगर शिवपुरी में भी उन दिनों, दो जगह पर 'रामलीला' खेली जाती थी।



**जाहिद खान**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *"नाना दीपावली पर लक्ष्मीजी की पूजा भी करते थे। पूजा के बाद हम बच्चों को खीलें-बताशे और मिठाइयां मिलतीं। भले ही नाना के इंतकाल के बाद, उनके घर में यह परम्परा खत्म हो गई हो, लेकिन इस रिवायत को मेरी मां ने हमारे यहां जिंदा रखा। हमारे छोटे से नगर शिवपुरी में भी उन दिनों, दो जगह पर 'रामलीला' खेली जाती थी।"*

मां दोनों ही रामलीला में हम बच्चों को साथ ले जातीं। जिसका हम जी भरकर लुत्फ उठाते। खास तौर पर भगवान राम, उनकी वानर सेना और रावण की सेना के बीच चलने वाला युद्ध हम बच्चों को खूब रास आता। जिस मोहल्ले में मेरा बचपन गुजरा, वहां होली-दीवाली-रक्षाबंधन गोया कि हर त्योहार, मजहब की तमाम दीवारों से ऊपर उठकर, हम पूरे जोश-ओ-खरोश से मनाते थे। आज भी यह परम्परा टूटी नहीं है। बस उन्हें मनाने का अंदाज बदल गया है। 'रामलीला' में अदाकारी के जानिब नाना के जुनून, जौक और शौक की कुछ दिलचस्प बातें, मेरी मां अक्सर बतलाया करती हैं। मसलन नाना 'रामलीला' के लिए घर से ही तैयार हो कर जाया करते थे। उन्हें रामायण की तमाम चौपाईयां मुंहजबानी याद थी।

रावण के अलावा 'रामलीला' में वे जरूरत के मुताबिक और भी किरदार निभा लिया करते थे। रावण का किरदार उन्होंने अपनी जिंदगी के आखिर तक निभाया। उनकी बीमारी की हालत में भी 'रामलीला' के संयोजकों ने उनसे नाता नहीं तोड़ा। उनकी नाना से गुजारिश होती कि वे बस तैयार होकर, रामलीला स्थल पर आ जाएं। बाकी वे संभाल लेंगे। जैसा कि अमूमन होता है, मंच पर आते ही हर कलाकार जिंदा हो जाता है। वह अपने किरदार में इस तरह ढल जाता है, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो। ऐसा ही नाना के साथ होता और वे बीमारी की हालत में भी अपना रोल अच्छी तरह से निभा जाते। सबसे दिलचस्प बात, जिसे मेरी मां ने बतलाया, नाना के इंतकाल (निधन) के बाद एक मर्तबा दशहरे के वक्त वह टीकमगढ़ में ही थीं। दशहरा का जुलूस निकला, तो जाहिर है कि वे उसे देखने पहुंची। जुलूस देखा, तो उन्हें काफी निराशा हुई और उन्होंने पास ही खड़ी एक बुजुर्ग महिला से बुंदेली बोली में पूछा, 'काहे अम्मा ऐसा जुलूस निकलत, ईमें रावण तो हैई नईएं?' बुजुर्ग महिला ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'का बताएं बिन्नू, रावण ही मर गया।' मां ने हैरानी से पूछा, 'रावण मर गया!' 'हां बेन, रावण मर गया। जो भईय्या रावण का पार्ट करत थे, वे नहीं रहे। वे नहीं रहे, तो रामलीला भी बंद हो गई।'

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाई पर बचन न जाई'

# आसुरी शक्तियों के संहारक श्रीराम



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। प्रभु श्रीराम ने असुराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए अपने भक्त हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा। लेकिन दुष्ट स्वभाव वाले रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। इसके बाद भगवान श्रीराम ने विभीषण को लंका का राज्य सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। इन लीलाओं के जरिए भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के रूप में जगत को महान संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिए एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण किया जा सकता है।

ऐसे विलक्षण आचरण के कारण ही संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। भगवान श्रीराम ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। इसीलिए भगवान श्रीराम को कर्तव्यपरायणता के कारण भारतीय सनातन परिवार का आदर्श प्रतिनिधि कहा जाता है। राम रघुकुल में जन्मे थे, जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। इसीलिए पिता का वचन मानकर वे जंगल को गए। उन्होंने अपने पराक्रम से दंडक वन को राक्षस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बाली का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिए दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं।

> *"प्रभु श्रीराम विष्णु के सातवें अवतार हैं। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का खूब गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संहारक और संतों के रक्षक हैं।"*



*भगवान श्रीराम भक्तों के मनरूपी वन में बसने वाले काम, क्रोध, और कलियुग के पापरूपी हाथियों के मारने के लिए सिंह के बच्चे सदृश हैं।*

उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरुपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी का अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संघार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। भगवान श्रीराम राजीव नयन धरें धनु सायक और भगत बिपति भंजन सुखदायक हैं। भक्तों के दुखों को हरने वाले राजीव नयन श्रीराम को शत-शत प्रणाम। भारत भूमि पर आई हर विपत्ति को हरने वाले दुखहरन प्रभु श्रीराम विष्णु के सातवें अवतार हैं। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का खूब गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संहारक और संतों के रक्षक हैं।

श्री रामचरितमानस में उनके जन्म के बारे में कहा गया है कि-'नौमि तिथि मधुमास पुनीता, शुकल पच्छ अभिजीत हरिप्रीता। मध्यदिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक विश्रामा।' अर्थात पवित्र चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि के पावन दिन भगवान श्रीराम का अयोध्या में प्राकट्य हुआ। उनके प्रकट होते ही निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया और गंधर्वों का दल भगवान के गुणों का गान करने लगा। आकाश में घमाघम नगाड़े बजने लगे और नाग, मुनि और देवता भगवान की स्तुति और आराधना में लग गए। महान संत तुलसीदास रचित रामचरितमानस में उद्धत है कि 'बिप्र धेनु सुर संत हित लिन्ह मनुज अवतार, निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार।' यानी पृथ्वी पर प्रभु श्रीराम का अवतार ब्राहमण, गौ, देवता, संतों और दीनजनों के कल्याण के लिए हुआ। उन्होंने दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए। हिंदू सनातन शास्त्रों में भगवान श्रीराम को साक्षात परब्रह्म और ईश्वर कहा गया है। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है। भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म के मार्ग का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं। इसीलिए भारतीय जनमानस उनके जीवन पद्धति को अपना उच्चतर आदर्श और पुनीत मार्ग मानता है। शास्त्रों में उद्धत है कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान धरा पर अवतरित होकर एवं मनुष्य रूप धारण कर दुष्टों का संघार करते हैं। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रुप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संत तुलसीदास ने भगवान श्रीराम की महिमा का गान करते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम भक्तों के मनरूपी वन में बसने वाले काम, क्रोध, और कलियुग के पापरूपी हाथियों के मारने के लिए सिंह के बच्चे सदृश हैं। वे शिवजी के परम पूज्य और प्रियतम अतिथि हैं। दरिद्रता रूपी दावानल के बुझाने के लिए कामना पूर्ण करने वाले मेघ हैं। वे संपूर्ण पुण्यों के फल महान भोगों के समान हैं। जगत का छलरहित हित करने में साधु-संतो के समान हैं। सेवकों के मन रूपी मानसरोवर के लिए हंस के समान और पवित्र करने में गंगा जी की तरंगमालाओं के समान हैं। श्रीराम के गुणों के समूह कुमार्ग, कुतर्क, कुचाल और कलियुग के कपट, दंभ और पाखंड के जलाने के लिए वैसे ही हैं जैसे ईंधन के लिए प्रचण्ड अग्नि होती है। श्रीराम पूर्णिमा के चंद्रमा की किरणों के समान सबको शीतलता और सुख देने वाले हैं। श्रीराम क्षमा, दया और दम लताओं के मंडप हैं। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। रामचरित मानस में तुलसीदास ने रामराज्य पर भरपूर प्रकाश डाला है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# रावण नहीं मरते



**गोविंद सेन**
व्यंग्यकार

राम और रावण का अटूट संबंध है। रावण के बिना राम नहीं। राम के बिना रावण नहीं। रावण यदि मर जाते तो राम जिंदा नहीं रहते। इसलिए हर वर्ष रावण को जिंदा किया जाता है। रावण को मरने के बाद भी मुक्ति नहीं मिलती। रावण हमारे भीतर बैठा हुआ है। रावण घट-घट में समाया है। वह पुरातन रावण आज के मानव से कई गुना बेहतर था। उसे अत्याचारी कहा जा सकता है। जालिम कहा जा सकता है। घमंडी तो कहा ही जाता है। उसमें लाख बुराइयां सही, लेकिन ऐसी बुराइयां कतई नहीं थीं जैसी कि आज के मानव समाज में कूट-कूटकर भरी हैं। मानव समुदाय में तो बलात्कारियों की बाढ़ सी आ गई है। हर वर्ष हत्या और बलात्कार के आंकड़े बढ़ते ही जाते हैं। इस पर कोई शर्मिंदा भी नहीं होता। इस मामले में एक नगर दूसरे नगर से होड़ लेने में जुटा हुआ है। यही होड़ एक गांव की दूसरे गांव से लगी हुई है। कोई गांव या शहर ऐसा नहीं जहां बलात्कार नहीं हुए हों। वह गांव या नगर पिछड़ा हुआ माना जाता है, जहां बलात्कार के प्रकरण अपेक्षाकृत कम हुए हैं। जो अव्वल आते हैं उनका सीना और चौड़ा हो जाता है। जलाने से रावण नष्ट नहीं होते। अपनी राख से ही रावण फिनिक्स पक्षी की तरह फिर पैदा हो जाते हैं। आज साधु और सज्जनों के वेश में कई रावण घूम रहे हैं, जिन्हें बंदीगृह में होना था, वे बाहर छुट्टे घूम रहे हैं। अबला उनकी चपेट में आती ही रहती हैं। अबला को सबला बनाने के सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। रावणों की संख्या दिन दूनी और रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। पहले एक गांव और नगर का एक रावण होता था। अब हर गाँव और मोहल्ले के रावण होने लगे हैं। इधर गली स्तरीय रावण की भी धूम होने लगी है। रावण का कद भी बढ़ने लगा है।

राम का अभिनय करने वालों का कद वही पांच-छः फुट ही रहा, लेकिन रावणों का कद हर साल एक-दो फुट बढ़कर ही होता है। एक दिन रावण आसमान को छूने में कामयाब हो जाएंगे। रावण की ऊंचाई उस नगर-गांव की प्रगति का सूचक होता है। एक कहेगा- 'हमारे नगर का रावण पचास फुट ऊंचा था।' दूसरा सीना फुलाकर कहेगा- 'हमारे नगर का रावण तो भई इक्यावन फुट का था। रावण तो भई ऊंचा ही होना चाहिए।' रावण की ऊंचाई से नगर की नाक ऊंची होती है। ऊंचाई कम होने से नगरवासियों में हीनता का भाव पैदा होता है। इसलिए हर नगर अपने रावण को ऊंचे से ऊंचा रखने की कोशिश करता है। भले ही भीतर के पटाखे कम कर दे, कम बारूद वाले, कम आवाज करने पटाखे भर दे। रावण के सिर भले ही छोटे बना दे लेकिन उसकी ऊंचाई कमतर नहीं रखी जाती। पटाखों की कम देर तक होने वाली आवाज पर किसका ध्यान जाता है। रावण का लुक खतरनाक होना चाहिए कि लोग देखें तो बोले-'रावण हो तो ऐसा हो वरना न हो।' रावण की फोटो अखबार में छपती है। फोटो में मुकुट, सर, चेहरा, छाती सब दिखाई देता है। उसकी ऊंचाई का उल्लेख होता है। हजारों-लाखों लोग देखते-पढ़ते हैं। रावण का चेहरा जितना डरावना हो उतना ही उस नगर का रौब बढ़ता है। चेहरे पर शानदार मूंछों की महत्ता से इनकार नहीं किया जा सकता। चेहरे को डरावना बनाने के लिए काली झबरी मूँछों का योगदान होता है। उसकी उपेक्षा करना प्रतिष्ठा को गिरा सकता है। इसलिए काले रंग की झबरी मूंछों को रखा जाना जरूरी है। लोग कह उठें कि मूंछें हों तो रावण जैसी। नत्थूलाल की मूंछें लोग भूल जाएं।

रावण का मुकुट और वस्त्र भी रंगीन-चमकीले होने चाहिए जिससे कि नगर की आन-बान और शान बनी रहे। नहीं तो लोग मुकुट या मूंछों की आलोचना शुरू कर देंगे। रावण का कद तो ठीक था लेकिन मूंछें और मुकुट जमे नहीं। इससे तो हमारे नगर का रावण अच्छा था, कद भले ही छोटा था पर मुकुट शानदार था। मूंछें तो ऐसी डरावनी थी कई बच्चे डर के मारे रोने लगे थे भाई साहब।

**नॉलेज कॉर्नर:** अनोखी परम्परा वाला कुल्लू का दशहरा मेला दुनियाभर में है प्रसिद्ध

# यहां दशहरा उत्सव में शामिल होते हैं देवी देवता

शारदीय नवरात्रि के 9 दिनों तक देवी दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा-उपासना और आराधना करने के बाद हिन्दू धर्म के उपासक मंगलवार को दशहरा का त्योहार मनाएंगे। दशहरा जिसे विजयादशमी भी कहते हैं, इस दिन शस्त्र पूजा भी की जाती है। विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला त्योहार माना जाता है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। दशहरे पर देश के कई हिस्सों में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है। आइए आज के नोलेज कॉर्नर में देश दुनिया के प्रसिद्द दशहरा उत्सव के बारे में अधिक जानकारी पढ़ते हैं...

## विश्व में प्रसिद्द है कुल्लू दशहरा

विश्व प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा उत्सव 17वीं शताब्दी में शुरू हुआ था। जानकारी के अनुसार शासक राजा जगत सिंह ने एक श्राप को दूर करने और विजया पर उनका आशीर्वाद लेने के लिए कुल्लू मंदिर में भगवान रघुनाथ की एक मूर्ति स्थापित की थी। कुल्लू दशहरा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है। जब बाकी देश के हिस्सों में दशहरा का त्योहार खत्म हो जाता है तब जाकर यह कुल्लू में एक सप्ताह के लिए शुरू होता है। यहां के लोगों का कहना है कि धूमधाम से मनाए जाने वाले इस उत्सव में देवी-देवता शामिल होते हैं। लोगों का मानना है कि धूमधाम से मनाए जाने वाले इस उत्सव में करीब 300 देवी-देवता भाग लेने आते हैं। वहीँ रघुनाथ भगवान को अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं।



## दशहरा मेले का इतिहास


कुल्लू दशहरा का इतिहास 350 वर्ष से अधिक पुराना है। कहा जाता है कि राजा जगत सिंह के शासनकाल में मणिकर्ण घाटी के गांव टिप्परी में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। उस गरीब ब्राह्मण ने राजा जगत सिंह की किसी गलतफहमी के कारण आत्मदाह कर लिया था। ब्राह्मण के इस आत्मदाह का दोष राजा पर लगा, जिसकी वजह से राजा को एक असाध्य रोग हो गया। वहीं असाध्य रोग से ग्रसित राजा को एक बाबा ने सलाह दी कि यदि वह अयोध्या के त्रेतानाथ मंदिर से भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की मूर्ति लाएं और अपना सारा राज-पाठ भगवान रघुनाथ को सौंप दें तो उन्हें इस दोष से मुक्ति मिल जाएगी। इसके बाद राजा ने वर्ष 1660 में रघुनाथ जी की प्रतिमा को मणिकर्ण मंदिर में रखा और इसे पूरे विधि-विधान से कुल्लू के रघुनाथ मंदिर में स्थापित किया और कुछ समय बाद राजा भी असाध्य रोग से मुक्त हो गया।

**भारत के प्रसिद्ध दशहरा मेले**

*मैसूर का दशहरा मेला दुनिया भर में प्रसिद्ध है, जो कर्नाटक का प्रादेशिक त्योहार है। कुल्लू के ढालपुर मैदान में मनाया जाने वाला दशहरा भारत के प्रसिद्ध दशहरा पर्व में से एक है। मदिकेरी दशहरा, कर्नाटक में 10 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा है। राजस्थान के कोटा में भी दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।* कंटेंट: श्रवण भाटी



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
आपका प्यार सदा बरकरार...तेज़ होगी तरक्की की रफ्तार...सरदारपुरा को दिल से आभार
#कांग्रेस_फिर_से



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
12 घंटे चाहे वह आपका दिमाग हो या कोई मशीन, आपकी क्षमताओं को बढ़ाने वाला कोई भी उपकरण झुकने के लिए पर्याप्त है। लेकिन केवल उनकी पूजा न करें - उनका उपयोग सभी की भलाई के लिए करें






**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव:** सियासी प्रहार हुए तेज, असंतोष के सुर हुए मुखर

# कमलनाथ का सियासी प्रहार, जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी...

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा के बाद राज्य में कई जगह असंतोष के सुर मुखर हो रहे हैं तो सत्ता की दावेदार दोनों पार्टियों के बीच सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व उनकी सरकार को घेर रहे हैं।

कमलनाथ ने रामचरित मानस की चौपाई को ट्वीट करते हुए मुख्यमंत्री चौहान पर निशाना साधा है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में लिखा कि - जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी। सो नृपु अवसि नरक अधिकारी। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में लिखा कि भगवान राम लक्ष्मण जी को मर्यादा समझाते हुए ये पंक्तियां कहते हैं। इसके साथ ही कमलनाथ ने अपने ट्वीट में लिखा की समझदार को इशारा ही काफी है। इसके बाद उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश में किसान, जवान, बुजुर्ग, दलित, आदिवासी और महिलाएं दुखी हैं। शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व वाली सरकार के कारण जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।





## होशंगाबाद: भाई-भाई में होगा घमासान

नर्मदापुरम होशंगाबाद विधानसभा सीट पिछले 33 साल से भाजपा का अभेद्य किला रही है। लेकिन इस यहां मौजूदा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा के सामने उनके छोटे भाई गिरिजा शंकर शर्मा ही चुनाव मैदान में होंगे। दोनों भाईयों ने मिलकर होशंगाबाद को भाजपा के लिए अभेद्य किला बनया था, लेकिन गिरिजा शंकर अब कांग्रेस में हैं और पार्टी ने उनको विधानसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया है। गिरजाशंकर भगवा पार्टी के साथ अपना चार दशक पुराना साथ छोड़कर सितंबर में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। गिरिजाशंकर खुद दो बार भाजपा से विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद, गिरिजा शंकर ने कहा कि अगर भाजपा उनके बड़े भाई और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा को होशंगाबाद से मैदान में उतारेगी, तो वह अपने भाई के खिलाफ प्रचार नहीं करेंगे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि दो प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के उम्मीदवार ये दोनों भाई कैसे चुनाव प्रचार करेंगे और चुनावी जंग में जीत किसकी होती है। एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरने के बाद शर्मा बंधुओं ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। नर्मदापुरम जिले के शक्तिशाली ब्राह्मण शर्मा परिवार के दो बेटों ने 1990 से 2018 के बीच लगातार सात बार होशंगाबाद विधानसभा सीट (पूर्व में इटारसी सीट) जीती थी, जिससे यह 33 वर्षों तक भाजपा का गढ़ बनी रही। सीताशरण शर्मा पांच बार इस सीट पर विजयी रहे हैं। गिरिजा शंकर शर्मा भी 2003 से 2008 में यहां से विधानसभा सभा चुनाव जीत चुके हैं।

## सिंगरौली: महापौर रानी अग्रवाल होंगी आप प्रत्याशी

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल को सिंगरौली से अपना प्रत्याशी बनाया है। रानी अग्रवाल सिंगरौली की महापौर भी हैं। पार्टी ने प्रदेश की 230 सीटों में से अब तक 70 पर अपने प्रत्याशी उतार चुकी है। आम आदमी पार्टी ने विंध्य में महापौर का चुनाव जीतने के बाद अपना फोकस बढ़ा दिया है। यहां पर पार्टी ज्यादा सक्रिय हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान क्षेत्र में जनसभाएं कर चुके हैं।

## एमपी: दमोह में प्रियंका गांधी की सभा 28 को

**भोपाल।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 28 अक्टूबर को दमोह आएंगी। वह यहां जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके पहले वह महाकोशल, ग्वालियर और मालवांचल के धार में जनसभा को संबोधित कर चुकी हैं। प्रियंका का बुंदेलखंड अंचल में पहला दौरा दमोह में होगा। पहले छतरपुर में सभा प्रस्तावित की जा रही थी, लेकिन इसके स्थान पर अब वह दमोह आएंगी। यहां से अजय कुमार टंडन विधायक हैं। बुंदेलखंड में कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में 10 सीटें जीती थीं। इसके पहले सागर में पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आए थे, जिन्होंने कांग्रेस की सरकार बनने पर जाति आधारित गणना के साथ सागर में संत रविदास विश्वविद्यालय की स्थापना करने की घोषणा की थी। राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है।

## बस्तर: मतदान के लिए 60 हजार जवान होंगे तैनात

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के चुनाव के पहले राजनांदगांव में गत दिनों भाजपा नेता की हत्या के मद्देनजर बस्तर अंचल में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा बलों के लगभग 60 हजार जवान तैनात किए जाएंगे। मतदान के लिए अर्धसैनिक बलों के करीब 40 हजार अन्य राज्यों व केंद्र से आ रहे हैं। राज्य में प्रथम चरण में नक्सली गतिविधियों से प्रभावित बस्तर व दुर्ग संभाग की 20 सीटों पर मतदान होगा। बस्तर में सुरक्षाबलों के कैंपों की संख्या बढ़ने के बाद से नक्सली दहशत कम जरूर हुई है, लेकिन विशेषकर चुनाव के दौर में नक्सली दहशत फैलाने से बाज नहीं आते। इसलिए यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

**मध्यप्रदेश:** सपा-कांग्रेस के रिश्तों पर दिग्विजय सिंह का दावा

# कमलनाथ गठबंधन तो चाहते थे, पर उन्हें पता नहीं कैसे होगा

एजेंसी | भोपाल/ लखनऊ

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच रिश्तों में खटास कम होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी, मध्य प्रदेश में 50 से ज्यादा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की है। वहीं, अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा और कांग्रेस के सोचने के तरीके में फर्क है। दूसरी ओर दोनों पार्टियों के बीच संभावित गठबंधन को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा दावा किया। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के साथ मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर गठजोड़ करना चाहते थे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि ये कैसे होगा।

सूत्रों के अनुसार दिग्विजय सिंह ने आगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि मुझे नहीं पता कि कमलनाथ ने ऐसा शब्दों का इस्तेमाल क्यों किया। कमलाथ से जब अखिलेश यादव को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि छोड़िए अखिलेश-वखिलेश को। दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि मैंने कमलनाथ को सलाह दी थी कि सपा के लिए राज्य की 230 सीटों में से चार सीट छोड़ दीजिए। वहीं सपा छह सीटों पर उम्मीदवार उतारना चाहती थी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल कांग्रेस और सपा की एक दूसरे के खिलाफ लड़ने पर कहा कि मुझे पता है कि अखिलेश यादव भाजपा के साथ नहीं जाएंगे।





### आधार बढ़ाना चाहते हैं तो ऐतराज क्यों

दूसरी ओर अखिलेश यादव ने कहा है कि हम किसी राज्य में अपना आधार बढ़ाना चाहते हैं तो इसमें किसी भी दल को कोई एतराज नहीं होना चाहिए। हम पीडीए की अपनी बात लेकर लोगों के बीच जाएंगे। अगर समाजवादियों की बात अवाम को अच्छी लगेगी तो वे हमसे जरूर जुड़ेंगे।

### सीट नहीं छोड़ने पर नाराज हुए अखिलेश

हाल ही में अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए कहा था कि मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता के साथ बैठक हुई। इस दौरान हमने बताया कि किन सीटों पर हमारा अच्छा प्रदर्शन रहा। साथ में आने को लेकर सहमति बनी लेकिन उम्मीदवारों की नाम की घोषणा के दौरान एक भी सीट नहीं दी गई।

### पिछले चुनावों में एक सीट जीती थी सपा ने

2018 के मध्य प्रदेश चुनावों में सपा ने आदिवासी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन में 1.3 प्रतिशत वोट हासिल करके बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजावर सीट जीती और पांच पर दूसरे स्थान पर रही। मध्य प्रदेश की 230 सीट के लिए 17 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सपा ने अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों को चुनावी मैदान में उतार दिए है।

### नहीं बनी बात तो लौट गए पार्टी नेता

लखनऊ में सपा मुख्यालय पर मध्य प्रदेश इकाई के पदाधिकारी सोमवार को भी मौजूद रहे, ताकि कोई बात बनने पर अखिलेश उन्हें नई परिस्थितियों के अनुसार संदेश दे सकें। लेकिन सोमवार की दोपहर को सपा की मध्य प्रदेश इकाई के नेताओं को वापस क्षेत्र में जाकर जुटने के लिए कह दिया गया और अखिलेश परिवार के साथ उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए। सूत्रों के अनुसार अब पार्टी नेताओं क कहना है कि अब जहां भी हमारे प्रत्याशी उतारे गए हैं, वहां पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि कांग्रेस भी मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से 229 पर प्रत्याशी उतार चुकी है। वहीं, सपा ने भी मध्य प्रदेश की 50 से ज्यादा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की है। अब तक पार्टी ने 36 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं।

**केजरीवाल ने दी पार्टी कार्यकर्ताओं को नसीहत और किया आह्वान ...**

# इंडिया टिक गया तो 2024 में भाजपा का जाना तय

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर से भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन इंडिया टिक गया तो 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का जाना तय है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको अंधभक्तों से दूरी बनानी होगी और देशभक्तों से बात करनी होगी। 2024 में भाजपा को सत्ता से हटाना सबसे बड़ी देशभक्ति है।

केजरीवाल ने सोमवार को यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने देश की तरक्की के लिए एक काम भी नहीं किया। लोग विपक्षी गठबंधन इंडिया को विकल्प के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा, आज देश के सामने तीन परेशानियां हैं, इनमें महंगाई, बेरोजगार और भ्रष्टाचार शामिल हैं। सरकार के पास इनका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि अब हमें खूब मेहनत करनी पड़ेगी आप लोगों की यह जिम्मेदारी है कि एक-एक घर में जाकर अपने-



### अंधभक्तों से दूर रहने की सलाह

केजरीवाल ने लोगों से अंधभक्तों (भाजपा कार्यकर्ताओं) से न उलझने की सलाह दी। अंधभक्तों को देश से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें सिर्फ एक आदमी से प्यार है। दो मिनट में पता चल जाता है कि कौन अंधभक्त है और कौन देशभक्त है। जो अंधभक्त है, वह देशभक्त नहीं हो सकता और जो देशभक्त है वह अंधभक्त नहीं हो सकता। दोनों अलग-अलग जातियां है. इसलिए अंधभक्तों से बिल्कुल मत उलझना, वह आपकी बात नहीं मानेंगे।

अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और अपनी कॉलोनी के लोगों से बात करो कि अगर तरक्की चाहते हो और अपने परिवार का भला चाहते हो तो इस बार इन्हें (बीजेपी) भगाओ।

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखा पत्र**

# J&K कांग्रेस की कार्यकारी समिति से मेरा नाम हटा दें : कर्ण सिंह

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्ण सिंह ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि जम्मू कश्मीर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी समिति से उनका नाम हटा दिया जाए।

पार्टी ने हाल में ही जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी समिति का नए सिरे से गठन किया है। डॉ. सिंह ने पत्र में कहा है कि वो कई सालों से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय नहीं है। प्रदेश कांग्रेस की पुनर्गठित कार्यकारी समिति से उनका नाम हटा दिया जाए। उन्होंने पत्र में यह सवाल भी किया कि क्या पार्टी प्रदेशों में कमेटी गठित करने से पहले वरिष्ठ नेताओं की राय नहीं लेती। खरगे ने हाल ही जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी समिति में कर्ण सिंह, सैफुद्दीन सोज, गुलाम अहमद मीर और तारिक हमीद कर्रा सहित कई नेता शामिल किया था।



कर्ण सिंह ने अपने पत्र में लिखा कि वो कई सालों से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय नहीं है। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की मांग वहां के अधिकांश दल समय समय पर करते रहे हैं। कांग्रेस भी अपने संगठन को मजबूत व सक्रिय करने में जुटी हुई है।

**तेलंगाना:** टी राजा सिंह को लेकर सियासी माहौल गरमाया

# ओवैसी BJP पर हुए हमलावर, साधा निशाना

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा 22 अक्टूबर) को जारी उम्मीदवारों की पहली सूची के बाद राज्य का सियासी माहौल गरमा गया है।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा द्वारा अपने विधायक टी राजा सिंह का निलंबन रद्द किए जाने पर नाराजगी जताई है। ओवैसी राजा सिंह को लेकर भाजपा पर हमलावर हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि राजा सिंह पर अल्पसंख्यकों की भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणी करने का आरोप है। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर पुरस्कार दिया है और पूरा यकीन है कि नुपुर शर्मा को भी ईनाम दिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ओवैसी ने लिखा, मोदी की भाजपा में नफरत फैलाने वाला भाषण प्रचार का सबसे तेज़ तरीका है।



### कांग्रेस व बीआरएस में वार पलटवार

दूसरी ओर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के गत दिनों तेलंगाना के तीन दिवसीय दौरे के बाद राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी भारत राष्ट्र समिति ने कांग्रेस ने कांग्रेस पर सियासी हमला तेज कर दिए हैं। बीआरएस नेता के कविता ने रविवार को राहुल गांधी पर यह कहते हुए सियासी हमला किया था कि वे कागजी शेर हैं और वह तेलंगाना की स्थानीय स्थिति और संस्कृति से परिचित नहीं है। बीआरएस राज्य में तीसरी बार सत्ता में आने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है जबकि कांग्रेस सत्ता विरोधी रूझानों का फायदा उठाकर सत्ता में वापसी करना चाहती है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार कांग्रेस को आशंका है कि भाजपा और मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी के बीच सांठगांठ है। भाजपा व बीआरएस के किसी भी गठबंधन की बात को आक्रामक तरीके से उठाया जाए। इस दौरान राहुल गांधी अपनी हर चुनावी सभा में बीआरएस-भाजपा और एएमआइएम को निशाने पर बनाए रखा। राहुल इस हफ्ते भी चुनाव प्रचार के लिए तेलंगाना जाएंगे और पार्टी के रूख से साफ है कि भाजपा-केसीआर पर उनका हमला अब और ज्यादा तीखा होगा।

**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# बघेल की बड़ी घोषणा: सत्ता में आने पर फिर करेंगे किसानों का कर्ज माफ

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के लिए अब कुछ ही दिन बाकी हैं और राज्य का सियासी पार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस के बीच चुनावी लड़ाई की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। कांग्रेस ने सभी सीटों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है जबकि भाजपा को अभी दो प्रत्याशी और घोषित करने हैं। चुनाव को लेकर दोनों पार्टियां पूरी ताकत लगा रही हैं। इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद 2018 की तरह ही फिर से किसानों का कर्ज माफ कर देगी। मुख्यमंत्री बघेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'घोषणा! कांग्रेस के सत्ता में आते ही पूर्व की तरह इस बार भी हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे।'बघेल ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जातिगत जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने 17.5 लाख परिवारों को आवास देने का भी वादा किया है। छत्तीसगढ़ में मतदान के पहले चरण में 7 नवंबर को नक्सली गतिविधियों से प्रभावित बस्तर व दुर्ग अंचल की 20 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री बघेल ने यह घोषणा सक्ती जिले के विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने के दौरान एक सभा में की। पार्टी ने सक्ती से विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को अपना उम्मीदवार बनाया है। बघेल ने कहा, हमने पहले ही घोषणा कर दी है कि किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदेंगे। अभी बहुत सी गारंटी देनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अभी तक किसान, मजदूर, नौजवान और महिलाओं के लिए एक भी घोषणा नहीं की है।




### जिनकी कांग्रेस में निष्ठा है, वे पार्टी छोड़कर नहीं जाएंगे: सिंहदेव

राज्य के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अंबिकापुर में कहा कि जिनकी कांग्रेस पार्टी में निष्ठा है, वह टिकट मिलने या न मिलने से कभी भी पार्टी छोड़कर नहीं जाते हैं। व्यक्तिगत महत्वकांक्षाए बढ़ जाने के कारण पार्टी से ऊपर होने पर ही लोग पार्टी और विचार दोनों बदलते हैं। सिंहदेव ने आगे कहा कि चिंतामणि महाराज पूर्व में भाजपा में थे। फिर कांग्रेस में, अब फिर भाजपा में जाने की बात सामने आई है। चिंतामणि महाराज की भाजपा से चुनाव लड़ने की बात भाजपा का अंदरूनी मामला है। वहीं रही बात टिकट कटने की तो सर्वे के आधार पर सिटिंग विधायकों का टिकट कटा है। उन्होंने पार्टी छोड़ने वाले लोगों से कहा कि सभी के मन मुताबिक, हर समय काम नहीं हो पाता है। समय-समय पर सभी को पार्टी के द्वारा उचित स्थान दिया जाता रहा है।



### जनता हमारी पार्टी की आलाकमान: जोगी

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) के नेता अमित जोगी ने रविवार को पेण्ड्रा में कहा कि भाजपा और कांग्रेस की सूची से साफ है कि उनकी सूची दिल्ली में बनती है। वहां बैठे नेता छत्तीसगढ़ की जनता की भावनाओं को नहीं समझ पाए। हमारी पार्टी की आला कमान छत्तीसगढ़ की जनता है। ऐसे में अब प्रदेश की पार्टी छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस राजनीतिक अवसर तलाश कर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी।



### आप ने 12 प्रत्याशी और किए घोषित

आम आदमी पार्टी ने राज्य विधानसभा के चुनाव के लिए रविवार को 12 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है। पार्टी अभी तक कुल 45 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। राज्य में पार्टी के मीडिया विभाग के सदस्य अनुपम सिंह ने रायपुर में बताया कि पार्टी ने जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उनमें ज्यादातर जिला इकाई के पदाधिकारी शामिल हैं। वहीं कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो पहले भाजपा, शिवसेना के कार्यकर्ता थे। इनमें से छह सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) और एक अनुसूचित जाति वर्ग लिए आरक्षित हैं।

## जरूरी खबर

### एयर मार्शल साधना बनीं अस्पताल सेवा महानिदेशक



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की अधिकारी एयर मार्शल साधना सक्सेना नायर ने सोमवार को अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। साधना इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बन गईं हैं। वायुसेना के अधिकारियों ने एक बयान में कहा, एयर मार्शल साधना सक्सेना नायर प्रभावी रूप से केवल दूसरी महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने पूरे सेवाकाल में वायुसेना में अलग-अलग पदों पर सेवाएं देने के बाद एयर मार्शल के पद तक पहुंची। पदभार ग्रहण करते समय वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी भी मौजूद रहे। एयर मार्शल पद पर पहुंचने की उपलब्धि हासिल करने वाली पहली महिला अधिकारी एयर मार्शल पद्मा बंदोपाध्याय (सेवानिवृत्त) थीं।

### तमिल अभिनेत्री गौतमी का भाजपा से इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिल अभिनेत्री गौतमी तडिमल्ला ने 25 साल तक भाजपा की सदस्य रहने के बाद सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनकी तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान किया है, लेकिन उन्हें भाजपा की तरफ से कोई समर्थन नहीं मिला। इस वजह से वह अपनी जिंदगी में सबसे बड़े संकट में खड़ी हैं। गौतमी ने कहा,आज मैं अपने जीवन में एक बेहद ही अकल्पनीय संकट के दौर में खड़ी हो चुकी हैं। मुझे मालूम चला है कि वे ऐसे व्यक्ति की मदद और समर्थन कर रहे हैं, जिसने मेरे साथ विश्वासघात किया।

### तेज के बाद अब चक्रवाती तूफान हामून का खतरा

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव का क्षेत्र सोमवार शाम को चक्रवात में तब्दील हो गया। हालांकि, इसका भारतीय तट पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। चक्रवाती तूफान 'तेज' के बाद इसे 'हामून' नाम से जाना जाएगा, जो ईरान ने दिया है। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव का क्षेत्र पिछले 6 घंटों के दौरान 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ा और चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। कम दबाव की यह प्रणाली ओडिशा के पारादीप तट से लगभग 230 किमी दूर पश्चिम बंगाल के दीघा से 360 किमी दक्षिण में थी।

## सहकारी निर्यात पर सेमिनार




*नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को नई दिल्ली में सहकारी निर्यात पर राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए। इसका आयोजन राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड की ओर से किया गया था।*

### गंगा घाट की पेंटिंग की सबसे ज्यादा कीमत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की नीलामी में पिछली बार की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में खरीदार सामने आए हैं। करीब 912 उपहारों की दो अक्टूबर से शुरू हुई इस नीलामी में अब तक करीब 16 हजार लोग हिस्सा ले चुके हैं, जबकि इसमें हिस्सा लेने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2023 तक है। ऐसे में अंतिम दिनों में इनमें बड़ी संख्या में लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद की जा रही है।

हालांकि, उपहारों की हो रही इस ऑनलाइन नीलामी में सबसे अधिक कीमत बनारस के घाटों की एक विशालकाय पेंटिंग को लेकर लगाई गई है, जो 74.50 लाख तक पहुंच गई है। वहीं, इसकी न्यूनतम कीमत 64.80 लाख रखी गई थी। इसके साथ ही जिन कलाकृतियों और उपहारों को लेकर अब तक सबसे ज्यादा लोगों ने बोलियां लगाई हैं, उनमें लक्ष्मी नारायण के साथ रुक्मिणी की मूर्ति शामिल है।

## अग्निवीर की शहादत पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

# बहादुरों का अपमान: राहुल गांधी करीब एक करोड़ मिलेंगे: भाजपा

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को अग्निवीर योजना को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा है कि यह भारत के बहादुरों का अपमान करने के लिए बनाई गई योजना है। अग्निवीरों के बलिदान के बाद उनके परिवारों को कोई पेंशन या अन्य लाभ नहीं दिया जाता है।

उधर, भाजपा ने इस आरोप को पूरी तरह से नकारा है। राहुल ने सियाचिन में बलिदान हुए महाराष्ट्र के अग्निवीर गवाटे अक्षय लक्ष्मण की तस्वीर साझा की और कहा कि सियाचिन में उनके बलिदान की खबर दुखद है। उन्होंने एक्स पर लिखा- गवाटे के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। एक जवान देश के लिए बलिदान हो गया। उसकी सेवा के लिए कोई ग्रेच्युटी नहीं, कोई अन्य सैन्य सुविधाएं नहीं और शहादत पर उसके परिवार को कोई पेंशन नहीं। इस तरह अग्निवीर



भारत के नायकों का अपमान करने की एक योजना है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सेना के राजनीतिकरण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने मोदी सरकार पर आईएएस अफसरों और सैन्य बलों के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाया। खरगे ने लिखा, मोदी सरकार के लिए सरकार की सभी एजेंसियां, संस्थान, हथियार, विंग और विभाग अब आधिकारिक तौर पर 'प्रचारक' हैं।



### भाजपा ने आरोप को बताया गैर जिम्मेदाराना

दूसरी तरफ भाजपा आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल के आरोप को पूरी तरह से बकवास और गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर गवाटे ने सेवा के दौरान अपना जीवन बलिदान किया है और वह बलिदानी के रूप में सभी उपलब्धियों के हकदार हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गवाटे के परिजनों को 48 लाख रुपए का गैर-अंशदायी बीमा, 44 लाख रुपए की अनुग्रह राशि, अग्निवीर द्वारा योगदान की गई सेवा निधि के 30 प्रतिशत में सरकार की समान हिस्सेदारी समेत कुल करीब एक करोड़ रुपए मिलेगा।

### फेक न्यूज फैलाना बंद करें

यही नहीं, गवाटे के बलिदान की तिथि से चार साल पूरे होने तक शेष कार्यकाल के लिए उनके परिवार को वेतन भी दिया जाएगा जो कि 13 लाख से अधिक होगा। इसके अलावा सशस्त्र बल युद्ध हताहत कोष से गवाटे को आठ लाख रुपये दिए जाएंगे। मालवीय ने राहुल को नसीहत दी कि, आप फेक न्यूज फैलाना बंद करें। आप प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं। कोशिश करें और वैसा व्यवहार करें।

### अमृतपाल सिंह को सैन्य सम्मान नहीं मिलने पर भी हुआ था विवाद

पिछले दिनों, पंजाब के अग्निवीर अमृतपाल सिंह, जो जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर में संतरी ड्यूटी पर तैनात थे, गोली लगने से उनकी मौत हो गई थी। सेना की ओर से कहा गया कि अग्निवीर अमृतपाल सिंह की मौत, सर्विस राइफल से चली गोली के कारण हुई है। सेना ने इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। अमृतपाल सिंह का अंतिम संस्कार, सैन्य सम्मान के साथ नहीं किए जाने पर कहा गया कि खुद को पहुंचाई गई चोट से होने वाली मौत के मामले में ऐसा सम्मान नहीं दिया जाता है। इस पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, केंद्र सरकार की चाहे जो नीति रहे, लेकिन वे राज्य की पॉलिसी के मुताबिक, सैनिक के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देंगे।

## प. एशिया में शांति के प्रयास

# पीएम मोदी ने जॉर्डन के किंग से की बात





एजेंसी | नई दिल्ली

इजराइल और हमास के बीच सात अक्टूबर से जारी युद्ध के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय से फोन पर बात की। इससे पहले पीएम मोदी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री महमूद अब्बास से भी टेलीफोन पर बात की है।

भारत ने हमास के हमले को आतंकी हमला करार देते हुए इजरायल के साथ होने की बात कही थी। दूसरी तरफ,फिलिस्तीन को अपना पारंपरिक समर्थन जारी रखा है और अब गाजा पट्टी में फंसे आम जनता के लिए मानवीय आधार पर मदद भी भेजी है।

### भारत जैसी अवधारणा रखता है जॉर्डन

जार्डन इस क्षेत्र के उन देशों में शामिल है, जिसके इजराइल-फिलिस्तीन विवाद को लेकर भारत जैसी ही अवधारणा रखता है। एक तरफ वह अमेरिकी मध्यस्थता में विवाद को सुलझाने के लिए शुरू किये गये शांति वार्ता का समर्थक है, वहीं एक संप्रुभ व स्वतंत्र फलस्तीन राज्य की स्थापना का समर्थन करता है। चूंकि फिलिस्तीन से बड़ी संख्या में लोगों ने जार्डन में आश्रय ले रखा है, इसलिए उसकी बात की अहमियत भी है।

मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, 'जार्डन के किंग अब्दुल्लाह द्वितीय से टेलीफोन पर बात हुई है।

## विदेश और रक्षा मंत्री स्तर पर होगा अहम मुद्दों पर संवाद

# भारत-अमेरिका के बीच 2+2 बैठक नवंबर में

एजेंसी | नई दिल्ली

इजराइल व हमास तथा यूक्रेन व रूस के बीच जारी युद्ध के बीच भारत और अमेरिका 9-10 नवंबर के आसपास नई दिल्ली में 2+2 बैठक आयोजित करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात प्रस्तावित है। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान नेताओं के इजरायल-हमास युद्ध के कारण मध्य पूर्व में उभरती स्थिति सहित वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है, जो 2018 में शुरू हुई थी। तभी से हर साल के शुरू में भारत के विदेश मंत्री और भारत के रक्षा मंत्री के साथ अमेरिका के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री के बीच वार्ता होती है। सूत्रों ने कहा कि भारत और अमेरिका अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए ये वार्ताएं कर रही हैं।

अमेरिकी पक्ष द्वारा सैन्य हार्डवेयर सहयोग पर जोर देने की भी उम्मीद है और भारत स्वदेशी हथियार प्रणालियों के विकास के लिए उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए कह सकता है।

### सैन्य अड्डों का कर सकते हैं दौरा

भारत और चीन के बीच चल रहे सैन्य गतिरोध को चार साल हो गए हैं और यह दोनों पक्षों के बीच चर्चा का हिस्सा बना हुआ है। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन प्रमुख भारतीय सैन्य अड्डे का दौरा कर सकते हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकियों ने भी भारतीय रक्षा मंत्री को एक महत्वपूर्ण सैन्य स्टेशन पर आमंत्रित किया था।

## उच्चायुक्त ने सौंपे प्रमाण पत्र

*नई दिल्ली। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भारत में साइप्रस के नए उच्चायुक्त इवेगोरस वरियोनिडेस के प्रमाण पत्र स्वीकार करते हुए।*



## डॉ.अंबेडकर की अधूरी विरासत विषय पर सम्मेलन

# खराब संविधान भी अच्छा होता है, चलाने वाले सही हों

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने डॉ.बीआर अंबेडकर के संविधानवाद पर दिए गए विचार की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि संविधान चाहे कितना भी बुरा हो, वह तभी अच्छा साबित हो सकता है, जब इसके कामकाज के लिए जिम्मेदार लोग अच्छे हों। दरअसल, सीजेआई चंद्रजूड़ ने यह टिप्पणी 'डॉक्टर बी आर आंबेडकर की अधूरी विरासत' विषय पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने भाषण के दौरान की। यह सम्मेलन रविवार को अमेरिका के ब्रैंडिस यूनिवर्सिटी, वॉलथम, मेसाचुसेट्स में आयोजित किया गया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने भाषण के दौरान अंबेडकर के संविधानवाद के विचार पर प्रकाश डाला। यह हाशिए पर रहने वाले समूहों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर भारतीय समाज को बदलने में सहायक है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर की विरासत आधुनिक भारत के संवैधानिक मूल्यों को आकार दे रही है। यह सभी के लिए न्याय की खोज के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में काम कर रही हैं। सीजेआई को शनिवार को हार्वर्ड लॉ स्कूल के सेंटर ऑन लीगल प्रोफेशन द्वारा 'अवार्ड फॉर ग्लोबल लीडरशिप' से सम्मानित किया गया।

### प्रकाशस्तंभ के रूप में काम कर रही है अंबेडकर की विरासत



### कानून व्यवस्था ने भी 'ऐतिहासिक गलतियों' को कायम रखा

सीजेआई ने कहा कि इतिहास में हाशिए पर छूटे सामाजिक वर्गों को खिलाफ सामाजिक असमानता, पूर्वाग्रह और शक्ति के असंतुलन के चलते कई ऐतिहासिक गलतियां हुईं। इनमें ट्रांस अटलांटिक व्यापार के तहत लाखों अफ्रीकी नागरिकों को जबरन गुलाम बनाना और उनका विस्थापन, मूल अमेरिकियों का विस्थापन, भारत में जातीय भेदभाव से करोड़ों लोग प्रभावित हुए और आदिवासी समुदायों का शोषण, महिलाओं का शोषण, एलजीबीटीक्यू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों का शोषण जैसी घटनाओं से इतिहास दागदार है।' ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाई गई, जिसमें हाशिये पर मौजूद वर्गों को उभरने की इजाजत नहीं थी।

### कई पीढ़ियों तक रहेगा असर

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि आज ये भेदभाव वाले कानून नहीं हैं लेकिन इसका प्रभाव कई पीढ़ियों तक रहेगा। भारत में आजादी के बाद कई अहम कदम उठाए गए, जिससे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को ऐसे मौके मिले, जिनसे उन्हें रोजगार, पढ़ाई में प्रतिनिधित्व मिला। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत में शोषित वर्ग को लंबे समय तक मतदान के अधिकार से वंचित रखा गया। इस तरह कानून को भेदभाव वाली व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इस्तेमाल किया गया।

## पुलिस सुरक्षा की मांग खारिज

# टाइम पास होते हैं लिव-इन रिलेशनशिप: हाई कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि लिव-इन रिलेशनशिप मुख्य रूप से टाइम पास होते हैं। हाल ही में लिव-इन पार्टनरशिप में रह रहे एक अंतर धार्मिक जोड़े की पुलिस सुरक्षा की अर्जी पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसे संबंधों में स्थिरता और ईमानदारी की कमी होती है। हाई कोर्ट ने इसी टिप्पणी के साथ पुलिस सुरक्षा की मांग करने वाले एक लिव-इन जोड़े की याचिका खारिज कर दी।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस राहुल चतुर्वेदी और जस्टिस मोहम्मद अज़हर हुसैन इदरीसी की पीठ ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उच्चतम न्यायालय ने कई मामलों में लिव-इन रिलेशनशिप को वैध ठहराया है, लेकिन 20-22 साल की उम्र में सिर्फ दो महीने की अवधि में, हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि यह जोड़ा एक साथ रहने में सक्षम होगा हालाँकि वे अपने इस प्रकार के अस्थायी रिश्ते को लेकर गंभीर हैं।

खंडपीठ ने कहा कि इस जोड़े का प्यार बिना किसी ईमानदारी के विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण मात्र है। जिंदगी गुलाबों की सेज नहीं है बल्कि जिंदगी यह हर जोड़े को कठिन से कठिन परिस्थितियों और वास्तविकताओं की ज़मीन पर परखता है।

## सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा का नई दिल्ली में सम्मान




*नई दिल्ली। दिल्ली स्थित लाल किले में यूनाइटेड नेशंस डे पर ग्लोबल ट्रेड एवं टेक्नोलॉजी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम में कई देशों के राजदूतों को विशेष मेहमान के तौर पर आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने बतौर अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नेपाल, भूटान समेत कई देशों के राजदूतों से मुलाकात की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर विनायक शर्मा को सम्मानित किया गया।*

## दिव्यांगों ने सत्ता में मांगा आरक्षण



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में दिव्यांगजन व दिव्यांगजन प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र में दिव्यांगजन अधिकारों से संबंधित मुद्दों को शामिल कराने पर विचार हुआ। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया और भाजपा से पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा ने शिरकत की। बैठक नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एमप्लायमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपुल दिल्ली द्वारा दिव्यांग अधिकार महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमंत भाई गोयल के सहयोग से हुई। इसमें दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 चुनाव घोषणा पत्र व बजट घोषणाओं को जमीनी स्तर पर लागू कराने के लिए एक स्थाई उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए। प्रदेश में शहरी व ग्रामीण स्थानीय निकायों में चुनावों में 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। प्रदेश में शहरी निकायों की तरह थ्री टायर पंचायती राज निकायों में भी दिव्यांगजनों की स्थानीय सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज अधिनियम में संशोधन किया जाए। केन्द्र सरकार द्वारा विधानसभा-लोकसभा चुनावों में प्रस्तावित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण में 5 प्रतिशत आरक्षण दिव्यांग महिलाओं को देने की सिफारिश केन्द्र सरकार को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर भेजी जाए। प्राइवेट सेक्टर के नियोजन में 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने वाले चिकित्सकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, दिव्यांगजनों की पेंशन कम से कम 3000 रुपए प्रतिमाह की जाए आदि मुददों पर चर्चा हुई।

## हनुमान चालीसा का किया पाठ



**बेधड़क. जयपुर।** महानवमी पर मुरलीपुरा स्थित भोमियाजी महाराज मंदिर में हनुमान चालीस पाठ का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह रुंडल ने बताया कि भोमियाजी महाराज सेवा समिति की ओर से मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर समिति सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र टेलर, सामाजिक कार्यकर्ता आयुष कुमार शर्मा, कमलेश बंसल, हर्ष शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## गरबा-डांडिया रास का आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** मोहनपुरा बालाजी स्थित शुभनिकुंज नवरात्र महोत्सव के तहत दो दिन का गरबा एवं डांडिया रास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मौके पर शुभनिकुंजवासियों ने हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ भाग लिया।समारोह के समाप्ति पर शुभनिकुंज वासियों ने आयोजकों का आभार जताया और आयोजन के लिए उनका धन्यवाद किया।

### कोलकाता से आई मां दुर्गा की इको-फ्रेंडली मूर्ति और वस्त्र

# ‘सिंदूर खेला’ में बंगाली संस्कृति साकार

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर में बंगाल की परम्परा और संस्कृति साकार हुई तो हर ओर उत्सवी माहौल बन गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और खुशियां बांटीं। नजारा था महिला संगठन शक्ति फाउंडेशन द्वारा बंगाल की पारम्परिक ‘सिंदूर खेला’ की रस्म का। शुरुआत ‘सिंदूर खेला’ की परम्परा और इसके महत्व के बारे में बताने के साथ हुई। फिर विधिवत पूजा का आयोजन हुआ। बंगाल की पारम्परिक लाल बॉर्डर वाली सफेद रंग की साड़ी में सजी-धज्जी महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर ‘सिंदूर खेला’ की रस्म निभाई।



फोटो: पंकज शर्मा



### ‘नवदुर्गा रॉकर्स’ की प्रस्तुति रही खास

रस्म में न केवल विवाहित महिलाएं बल्कि अविवाहित महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में कोलकाता से आए कलाकारों के बैंड ‘नवदुर्गा रॉकर्स’ की प्रस्तुति खास रही। सोनाक्षी वशिष्ठ, सुष्मिता दास, हीना, अनुपमा अग्रवाल, डॉ. सुप्रिया गुप्ता, निमिषा गुप्ता, संजीता वर्मा, रश्मी बहेती, चेताली सेनगुप्ता, शम्मी गोयल, श्रुति लूथरा उपस्थित रहीं। सोनाक्षी वशिष्ठ ने बताया कि इस आयोजन का 5वां वर्ष है। आयोजन के लिए मां दुर्गा की इको-फ्रेंडली मूर्ति, पांरपरिक वस्त्र और पूजा के थाल कोलकाता से मंगाए गए। कार्यक्रम में कोलकाता, जयपुर, जोधपुर, अजमेर व राजस्थान के अन्य शहरों से सदस्यों ने भाग लिया।

## City इवेंट्स

### आर्यिकाश्री का सोलहवां दीक्षा दिवस आज



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बालयोगिनी आर्यिका विशेष मति माताजी के दीक्षा दिवस के उपलक्ष में चल रहे दस दिवसीय कार्यक्रम का आज मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मंदिर में चल रहे भक्तामर पाठ में सोमवार को दस मंडल पर दस परिवारों ने दीप अर्चना कर धर्म लाभ लिया। मंगलवार को आर्यिकाश्री का सोलहवां दीक्षा दिवस मनाया जाएगा। इसमें साज बाज के साथ 16 मंडलीय भक्तामर मंडल विधान के साथ गुरु पूजन आदि कई कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में माताजी की सोलह वर्ष पूर्व कोटा में हुई दीक्षा के साक्षी , विशुद्ध मति माताजी के स्थानीय भक्त तथा नैनवा मालपुरा कुचामन जोबनेर मिठड़ी सहित कई जगह से सहभागिता करेंगे।

### रामचरित मानस पाठ का आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** आश्विन नवरात्र के विशेष दिन नवमी पर सोमवार को राजधानी जयपुर के मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। इसी कड़ी में श्रीराम सुंदरकांड मंडल, ढेहर का बालाजी की ओर से 24वें रामचरित मानस पाठ महोत्सव का आयोजन हुआ। मंडल अध्यक्ष हेमंत सैनी ने बताया कि राधा गोविंद मंदिर में 51 आसनों पर संगीतमय अखंड पाठ किए गए। इस मौके पर प्रभु श्रीराम का विशेष श्रृंगार करके कन्या पूजन और बटुक प्रसादी भी की गई।

### बच्चों ने पेरेंट्स संग खनकाए डांडिया




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के मानसरोवर स्थित सृजन इंटरनेशनल स्कूल में धूम गरबा की प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शुरुआत निदेशिका डॉ. रीना माथुर ने की। रंग-बिरंगे परिधानों और पारम्परिक आभूषणों में सजे बच्चों माता-पिताओं, दादा-दादियों के साथ गरबा किया। डॉ. रीना माथुर ने बेस्ट ड्रेस, बेस्ट कपल, यूनिक किडॉस स्टाइलिंग, डैडी डांसर आदि के लिए प्राइज दिए।

### ब्रिगेडियर भवानी सिंह की जयंती पर कार्यक्रम

# 26 विभिन्न श्रेणियों में दिए ‘सवाई जयपुर अवॉड्‌र्स’



बेधड़क | जयपुर

ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह की जयंती पर ‘सवाई जयपुर अवॉड्‌र्स-2023’ वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन सिटी पैलेस में किया गया। पुरस्कारों के तहत 31,000 रुपए नकद, शॉल, गंगा जली, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल दिए गए। कुल 26 श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। इसमें राजा दूल्हा राय अवॉर्ड-उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए (प्रेम सिंह बाजोर), राजा काकिल देव अवॉर्ड-आर्कीटेक्चर व हेरिटेज संरक्षण के लिए (आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर), पजवन देव अवॉर्ड-मेडिसन के क्षेत्र में (डॉ. संजीव के शर्मा), राजा भगवंत दास अवॉर्ड-जयपुर के पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र में (कैलाश सोनी), मानसिंह प्रथम अवॉर्ड-बहादुरी के लिए (द्वितीय लेफ्टिनेंट पुनीत नाथ दत्त, अशोक चक्र (मरणोपरांत), मिर्जा राजा जयसिंह प्रथम अवॉर्ड-सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए (मेजर जनरल सुधाकर वीएसएम, मिर्जा राजा रामसिंह प्रथम अवॉर्ड-पारिस्थितिकी संतुलन व पर्यावरण में सुधार के लिए (रामस्वरूप विश्नोई), महाराजा विशन सिंह अवॉर्ड-ट्रेवल टूरिज्म व संग्रहालय विकास में कार्य के लिए (राजेंद्र सिंह पचार), महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय अवॉर्ड-एस्ट्रोनॉमी व संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में (डॉ. आलोक शर्मा), महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड-पत्रकारिता के क्षेत्र में (डॉ. जगदीश चंद्रा), महाराजा सवाई माधो सिंह प्रथम अवॉर्ड-राजस्थान की इमेज को भारत और विदेश में विकसित करने और बढ़ाने के लिए (कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड-साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में (डॉ. देवदत्त शर्मा), सवाई जगत सिंह अवॉर्ड–आर्ट पेंटिंग व स्कल्पचर के क्षेत्र में (गोपाल स्वामी खेतांची), एचएच सवाई राम सिंह द्वितीय अवॉर्ड–फोटोग्राफी व पत्रकारिता के क्षेत्र में (अंचित नाथा), एचएच महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय अवॉर्ड-थिएटर फिल्म व टेलीविजन क्षेत्र में (अशोक राही) को दिया गया।

### कनक पैलेस में हुआ डांडिया रास 2023-का आयोजन

# गरबे की धमाल के बीच खनकी डांडिया की सरगम



बेधड़क | जयपुर

गुजरात और राजस्थानी संस्कृति को अपने में समेटे डांडिया के दौरान जयपुराइट्स ने कदम से कदम मिलाए तो संस्कृति जीवंत हो उठी। डांडिया रास-2023 में वैशाली नगर स्थित कनक पैलेस में बड़ी संख्या में जयपुराइट्स ने पार्टिसिपेट किया। स्माइल स्प्रेडर्स ग्रुप, पिंक कॉन्सेप्ट्स व बीट्स इवेंट्स की ओर से हुए डांडिया महोत्सव में युवक-युवतियों, महिलाओं, बच्चों ने गुजराती और मिक्स बॉलीवुड धुनों पर जमकर डांडिया खनकाए। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम जानकी रसोई में सहयोग के लिए किया गया था। स्माइल स्प्रेडर्स ग्रुप अध्यक्ष विनीश शर्मा, मैनेजिंग ट्रस्टी रवि शर्मा व पिंक कॉन्सेप्ट्स डायरेक्टर अमन वर्मा ने बताया कि मां अंबे की स्तुति से डांडिया रास की शुरुआत हुई।

इसके बाद प्रेम निया मौसम छै, गरबे नी रात पिया, हीच लई गरबों घूमे, ढोलिडा ढोल हय्या मा वागै, पैथल पुरमा पावों सरीखे गुजराती गीतों पर अपार जनसमूह ने जमकर ताल से ताल मिलाई। पंजाबी ढोल रिमिक्स और बॉलीवुड हाई वोल्ट्स म्यूजिक पर युवक युवतियां थिरकते नजर आए। अंत में बेस्ट कपल, बेस्ट डांसर, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट ब्यूटी सरीखी 12 कैटेगरी में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बीट्स इवेंट्स के डायरेक्टर कपिल शर्मा, स्माइल स्प्रेडर्स ग्रुप संरक्षक विजय शंकर अग्निहोत्री, भवानी शंकर शर्मा, भूपेंद्र मीणा, मीना अरोड़ा, सुशीला शर्मा, जयपुर जिला प्रबंध समिति सदस्य शलभ वर्मा, अविनाश छीपा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**आयोजन** | जेकेके में दशहरा नाट्य उत्सव में हुए कई प्रसंग

# हनुमान लाए सीता का संदेश, बचाए लक्ष्मण के प्राण

बेधड़क | जयपुर

मंगल मूर्ति हनुमान ने सीता की कुशलक्षेम का मंगल संदेश राम को सुनाया तो उन्होंने बजरंगी को गले लगा लिया। यह दृश्य देखकर सभी भावुक हो उठे। मौका था जेकेके की ओर से आयोजित दशहरा नाट्य उत्सव का। एकटक होकर दर्शक प्रस्तुति का आनंद उठाते रहे। लोक नाट्य की शुरुआत में कथक की प्रस्तुति ने दर्शकों में ऊर्जा भरी। फिर हनुमान ने सिया का संदेश देकर राम की चिंता दूर की। दोनों के संवादों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



**शरणागत रक्षा का संदेश:** इधर राम ने राहत की सांस ली और उधर अनुज विभीषण से राम का बखान सुनकर रावण आग-बबुला हो उठा। अहंकार वश विभीषण को राज्य से निकाल दिया गया। करुणासिंधु राम ने विभीषण को गले लगाकर शरणागत की रक्षा का संदेश दिया। समस्त विपत्तियों के बावजूद अब तक विनम्रता और शालीनता से काम ले रहे राम का धैर्य उस वक्त जवाब दे गया, जब आग्रह करने के बाद भी समुद्र ने उन्हें रास्ता नहीं दिया। उनका आक्रोश देख रत्नाकर थर्रा उठे। प्रभु चरणों में वंदन कर उन्होंने सेतु निर्माण की राह दिखाई। वानर सेना ने सेतु बांधा।



### लक्ष्मण ने रखा ब्रह्म शक्ति का मान

रावण के दरबार में पहुंचकर अंगद ने राम नाम का डंका बजा दिया। इस दौरान हांस्य व युद्ध के दृश्यों का बखूबी संयोजन किया गया। अंगद के संवादों में अवधी और हिंदी भाषा का लालित्य दिखा। इसके बाद लक्ष्मण और इंद्रजीत के युद्ध को देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। ब्रह्म शक्ति का मान रख सहर्ष उसका सामना करने के बाद मूर्छित लक्ष्मण को देखकर सभी की आखें नम कर दीं। हनुमान ने संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाए।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 24 अक्टूबर, 2023





जीवन परिवर्तनों को अपनाने से है। आप एक दिन खुश हो सकते हैं और अगले दिन खाली या टूटे हुए हो सकते हैं।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## बांग्लादेश में भीषण रेल दुर्घटना: मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन

# 15 यात्रियों की मौत और 100 से ज्यादा घायल



एजेंसी | ढाका

बांग्लादेश के किशोरगंज में एक यात्री ट्रेन और मालगाड़ी के बीच सोमवार को जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह दुर्घटना राजधानी ढाका से लगभग 80 किलोमीटर दूर भैरब इलाके में हुई। स्थानीय मीडिया ने मौके पर मौजूद लोगों के हवाले से बताया कि यह हादसा बहुत ही भयावह था, ट्रेनों के टकराने की जोरदार आवाज सुनाई दी। अभी भी कुछ लोग ट्रेन के नीचे फंसे हुए हैं। ये लोग क्षतिग्रस्त डिब्बों के नीचे दब गए हैं। हालांकि, अग्निशमन सेवा कर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।

स्थानीय पुलिस अधिकारी सिराजुल इस्लाम ने मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हादसे में गंभीर चोटें आई हैं।

फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है। घटनास्थल पर मौजूद लोग भी उन घायलों को बाहर निकालने में मदद कर रहे हैं जो क्षतिग्रस्त बोगियों के नीचे दबे हुए हैं।

### इधर, मुंबई में ट्रेन के डिब्बे हुए अलग

मुंबई में रविवार सुबह एक उपनगरीय ट्रेन के तीन डिब्बे अलग हो गए थे। हालांकि, घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। पश्चिम रेलव के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने कहा कि बोरीवली जाने वाली ट्रेन चर्चगेट स्टेशन से रवाना हुई और दोपहर करीब 11:02 बजे मरीन लाइंस पर इसके डिब्बे अलग हो गए। उन्होंने कहा कि अंतिम तीन डिब्बे ट्रेन के शेष भाग से अलग हो गए। यात्रियों को उतारकर ट्रेन कार शेड में ले जाई गई और घटना के बाद दहानु जाने वाली ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया।



## अब यहूदियों का हुक्का-पानी करेंगे बंद!

# 57 मुस्लिम देशों की तैयारी

एजेंसी | तेहरान

हमास-इजराइल युद्ध का आज 17वां दिन है। इजरायल गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ बमबारी कर रहा है। पिछले 24 घंटों में इजराइली हमलों में कम से कम 400 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सिर्फ बीती रात इजराइली एयरस्ट्राइक में ही 60 लोगों की जान गई है।

मंत्रालय के मुताबिक इजराइल ने गाजा में घनी आबादी वाले जबालिया शरणार्थी शिविर और गाजा के अल-शिफा और अल-कुद्स अस्पतालों के नजदीक आवासीय क्षेत्रों पर भी बमबारी की है। इजराइल के इन हमलों से मुस्लिम देशों में बेचैनी बढ़ गई है और कई मुस्लिम देशों ने अब यहूदियों यानी इजराइल के लोगों का हुक्का पानी बंद करने की तैयारी कर ली है। वहीं, हमास को आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह का साथ मिल चुका है। अब मुस्लिम देशों के बल पर हमास और हिज्बुल्लाह इजराइली सैनिकों की रसद सप्लाई पर ब्रेक लगाने की फिराक में हैं। इसे इजराइल के पीएम नेतन्याहू और बाइडेन के खिलाफ मुस्लिम देशों का साझा ऐलान-ए-जंग माना जा रहा है।



### हमास का दावा- पूरे समाधान के लिए एकजुट

इजराइल के खिलाफ पूरा अरब वर्ल्ड एकजुट होकर जेहादी नारे लगा रहा है। हमास नेता इस्माइल हानिया ने कहा, "मुस्लिम देश आधे और चौथाई समाधान के लिए नहीं, बल्कि गाजा में खून बहाने और उसके पूरे समाधान के लिए एकजुट हैं। सऊदी अरब और पूरे अरब पर हमारा भरोसा है कि इजराइल के खिलाफ जेहाद में सभी इस्लामिक देशों की मेजबानी होगी। हमारा भरोसा बड़ा है कि ये खून बर्बाद नहीं होगा।"

### झुलस रहे बदले की आग में

बता दें कि हमास और हिज्बुल्लाह को अरब देशों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। ईरान के ड्रोन और मिसाइल इजराइल के लिए पहले ही बड़ा खतरा बन चुके थे। अब हमास और हिज्बुल्लाह के सैकड़ों लड़ाके लेबनान बॉर्डर से इजराइल पर अटैक कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 57 इस्लामिक देश इजराइल से बदला लेने की आग में झुलस रहे हैं। ये सभी देश अब इजराइल को बाहर से होने वाली रसद सप्लाई को रोकने का प्लान बना रहे हैं ताकि इजराइल घुटनों के बल आ सके।

## कनाडा में फिर किया गया तिरंगे का अपमान

# दूतावास पर खालिस्तानियों की नारेबाजी

एजेंसी | वैंकूवर

कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार की मेहरबानियों की वजह से खालिस्तान समर्थक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और वहां भारत विरोधी गतिविधियों को लगातार अंजाम देने में लगे हुए हैं। ताजा घटनाक्रम में वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक आतंकी समूह एसएफजे ने भारत विरोधी नारेबाजी की है।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब भारत सरकार राजनयिकों और राजनयिक भवनों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा कर रही है ताकि वीजा सेवाओं को फिर से शुरू किया जा सके। सोशल मीडिया पर जारी तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के लोग एक हाथ में खालिस्तान का झंडा और दूसरे हाथ में कनाडा का झंडा लिए हुए हैं। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि खालिस्तान समर्थक भारतीय तिरंगे का अपमान करते हुए उस पर जूते पहनकर खड़े हैं।

यह पहली बार नहीं है, जब कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने इस तरह की हरकत की हो। इससे पहले पिछले महीने 25 सितंबर को भी खालिस्तान समर्थकों और आतंकी संगठन एसएफजे से जुड़े लोगों ने भारतीय दूतावास के बाहर भारक विरोधी नारेबाजी की थी और तिरंगे का अपमान किया था।





### US: बुजुर्ग सिख पर हमला... मौत

**न्यूयॉर्क।** शहर में एक कार हादसे के बाद एक युवक ने हैवानियत दिखाते हुए 66 वर्षीय बुजुर्ग सिख के सिर पर कई वार किए, जिससे बुजुर्ग की ब्रेन हेमरेज होने की वजह से मौत हो गई। दरअसल, पिछले गुरुवार को क्वींस में एक वाहन से हुई मामूली टक्कर के बाद उसमें सवार 30 वर्षीय गिल्बर्ट ऑगस्टिन ने बुजुर्ग सिख जसमेर सिंह पर हमला कर दिया था।

## नवाज शरीफ की सजा के खिलाफ अपील

# नए सिरे से दायर की याचिकाएं

एजेंसी | इस्लामाबाद




पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने पाकिस्तान लौटने पर एवेनफील्ड अपार्टमेंट और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों में अपनी सजा के खिलाफ लंबित अपीलों को सोमवार को नये सिरे से इस्लामाबाद हाई कोर्ट में दायर किया। तीन बार के पीएम 73 वर्षीय नवाज शरीफ लंदन में आत्म-निर्वासन में चार साल बिताने के बाद शनिवार को पाकिस्तान लौट आए। पूर्व कानून मंत्री आजम तरार और वकील परवेज ने शरीफ की ओर से उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कीं। उच्च न्यायालय ने 19 अक्टूबर को शरीफ को 24 तक दोनों मामलों में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया था ताकि वह गिरफ्तारी के डर के बिना अदालत में पेश हो सकें।

## नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा

# सौर तूफानों से पक्षी हो रहे कन्फ्यूज

एजेंसी | वाशिंगटन

आए दिन सुनने में आता है कि सूर्य पर विस्फोट या अन्य घटनाएं हो रही हैं। ऐसी घटनाएं पक्षियों को भी प्रभावित कर रही हैं। एक स्टडी में बताया गया है कि सौर तूफानों के कारण पक्षी प्रवास संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्हें उड़ान के दौरान अपने रूट को पहचानने में मुश्किलें आ रही हैं। पृथ्वी पर भू-चुंबकीय घटनाएं पक्षियों को परेशान कर रही हैं। सबसे ज्यादा असर उन पक्षियों पर हो रहा है, जो हर साल प्रवास के लिए हजारों मील का सफर तय करते हैं। बत्तख, गीज, हंस, सैंडपाइपर जैसे पक्षियों पर भी असर हो रहा है। सूर्य में उभर रहे सनस्पॉट से कोरोनल मास इजेक्शन और सोलर फ्लेयर जैसी घटनाएं हो रही हैं।



### वसंत और शरद ऋतु में प्रवास कम करते हैं पक्षी

ऐसी घटनाओं का असर जब पृथ्वी पर होता है, तो ये भू-चुंबकीय गड़बड़ी पैदा करते हैं। इनसे सैटेलाइट प्रभावित हो सकते हैं, हालांकि इंसान सीधे तौर पर प्रभावित नहीं होता। अलबत्ता, पक्षियों पर इसका असर होता है। अमेरिकी डॉपलर रडार स्टेशनों और जमीन पर लगे मैग्नेटोमीटर से जुटाए गए आंकड़ों से पता चला है कि वसंत और शरद ऋतु में अंतरिक्ष में होने वाली मौसमी घटनाओं के कारण 9 से 17 फीसदी तक कम पक्षी प्रवास करते हैं।

### बड्र्स की जिंदगी के लिए खतरा

रात के समय भी उड़ान भरने वाले पक्षियों को सर्दियों में परेशानी होती है। उन्हें नेविगेशन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि सूर्य में जारी सोलर मैक्सिमम का दौर साल 2025 तक चलता रहेगा। पक्षियों पर इसका असर उनकी जिंदगी के लिए भी खतरा बन सकता है, क्योंकि दिशा भटकने पर गंतव्य तक पहुंचने में ज्यादा वक्त लग सकता है और वह भोजन संबंधी परेशानियों से जूझ सकते हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl